● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 301, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 19 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



गरीबों के लिए सरकार बनाये योजना : मायावती 5

गाबा टेस्ट ड्रा पर छूटा, बारिश बनी विलेन 6

# यात्रियों से भरी नाव समुद्र में पलटी; 13 लोगों की मौत, 101 लोग बचाए गए

मुंबई

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास नौसेना जहाज के एलीफेंटा द्वीप जा रहे नीलकमल नामक एक यात्री जहाज से टकराने से बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक इस हादसे में तीन नौसेने के जवान समेत कुल 13 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 101 अन्य यात्रियों को बचाए जाने की बात कही जा रही है। जबकि कई लोगों की तलाश अभी भी जारी है।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा मुंबई के पास बुचर द्वीप पर नौसेना की एक नाव दोपहर करीब 3.55 बजे %नीलकमल% यात्री जहाज से टकरा गई। शाम 7.30 बजे तक की जानकारी के अनुसार 101 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और 13 लोगों की मौत हो गई है। 13 मृतकों में 10 नागरिक और 3 नौसेना के जवान हैं।

सीएम फडणवीस ने बताया कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नौसेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 11 क्राफ्ट और 4 हेलीकॉप्टरों का उपयोग करते हुए नौसेना, तटरक्षक और पुलिस ने बचाव अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि लापता लोगों के बारे में अंतिम जानकारी कल सुबह उपलब्ध होगी। इसके साथ ही सीएम फडणवीस ने कहा कि इस हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पूरी घटना की जांच पुलिस और नौसेना द्वारा की जाएगी।

जानकारी के अनुसार नौका में लगभग 110 लोग सवार थे, हालांकि सटीक संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। यह नौका मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही थी, जब करीब शाम 4 बजे एक छोटी नाव उससे टकरा गई और इसके बाद नौका पलट गई। घटना के तुरंत बाद जारी वीडियो में बचाव अभियान चलता हुआ दिखाया गया।

वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि नौसेना और तटरक्षक बल ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। नौसेना की 11 नावें और मरीन पुलिस की तीन नावें और तटरक्षक बल की एक नाव को इलाके में तैनात किया गया है।

रक्षा अधिकारी ने आगे बताया कि अन्य एक दर्जन से ज्यादा यात्रियों की खोज और बचाव अभियान में चार हेलीकॉप्टर शामिल है, वहीं इसमें स्थानीय पुलिस, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण और इलाके के मछुआरे भी बचाव कार्य में शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी से सीखा जा सकता है कठिनाइयों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करना : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन सर्वोत्तम तरीके से खिलाड़ी ही करते हैं। प्रतिभा का प्रदर्शन खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से कठिनाइयों में भी सर्वोत्तम प्रदर्शन करने की कला सीखी जा सकती हैं। उन्होंने वर्तमान में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तो हमारे खिलाड़ी निशाना भी सीधे पदक पर ही लगाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टीटी नगर स्टेडियम में %खेल प्रतिभाओं का सम्मान और प्रोत्साहन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में 1 हजार 786 खिलाड़ियों को 25.389 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। खिलाड़ियों को किट भी वितरित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये हर कदम



पर उनके साथ खड़ी है। नयी शिक्षा नीति में खेलों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। स्पोर्ट्सटीचर की पदोन्नतियों के रास्ते खोले गये हैं। उच्च शिक्षा में स्पोर्ट्सटीचर सहायक प्राध्यापक एवं उसके बाद की भी पदोन्नतियां पा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि सीधे उनके खातों में प्रदान की जा रही है, जिससे कि वे उनके प्रशिक्षण में सहायक सिद्ध हो सकें। इससे खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रौशन कर सकेंगे। उन्होंने अपेक्षा की कि अपनी प्रतिभा के दम पर और बेहतर प्रदर्शन के लिये संकल्पित होकर खिलाड़ी निरन्तर प्रयत्नशील रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कभी भी कमी नहीं रही है। जब खिलाड़ियों के पास संसाधनों की कमी होती थी, तब भी मेजर ध्यानचंद जैसे प्रतिभावान खिलाड़ियों ने नंगे पैर खेलकर भी देश को स्वर्ण पदक दिलाये हैं।

## 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा

### अरविंद केजरीवाल ने लॉन्च की संजीवनी स्कीम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बड़ा एलान किया। अरविंद केजरीवाल बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा। अरविंद केजरीवाल ने योजना की घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली वालों के लिए संजीवनी लेकर आया हूं। दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिलेगा। इलाज का सारा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। ये



केजरीवाल की गारंटी है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन करेंगे।

दिल्ली के पूर्व सीएम ने कहा कि सरकारी या प्राइवेट अस्पतालों में फ्री इलाज होगा। कोई अपर लिमिट नहीं होगी। कोई एपीएल, बीपीएल कार्ड नहीं चाहिए। इसका रजिस्ट्रेशन दो-तीन दिन में शुरू हो जाएगा। हमारे कार्यकर्ता आपके घर में आएंगे, आपको एक कार्ड देंगे, उसे संभालकर रखना। चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर योजना बनाएगी और लागू करेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा, 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को संजीवनी योजना के तहत निजी और सरकारी दोनों अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। इलाज की लागत की कोई ऊपरी सीमा नहीं होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा। आप कार्यकर्ता रजिस्ट्रेशन के लिए आपके घर आएंगे। वे आपको एक कार्ड देंगे, जिसे आप सुरक्षित रखिएगा।

## 5जी पर मंत्री सिंधिया ने दिया अपडेट

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मेक इन इंडिया मुहिम को जोर शोर के साथ प्रसारित कर रही है। इसी वजह है आज भारत स्मार्टफोन एक्सपोर्ट के मामले में रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा है। इसी के चलते अब केंद्र सरकार ने टेलीकॉम उपकरण बनाने का फैसला लिया है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने टेलिकॉम सेक्टर में ग्रोथ को हाइलाइट करते हुए कहा कि, भारत में जल्द टेलिकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन बनाए जाएंगे। टेलिकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन देश में एक लाख बीएसएनएल टावर लगाने और 5जी अपग्रेडेशन की दिशा में अगला कदम होंगे।

## जेपीसी में प्रियंका गांधी के नाम का प्रस्ताव देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए जेपीसी का गठन किया जा रहा है। इस जेपीसी में कांग्रेस, प्रियंका गांधी के नाम का प्रस्ताव दे सकती है। प्रियंका गांधी के अलावा इस समिति में मनीष तिवारी, सुखदेव भगत रणदीप सुरजेवाला के नाम की भी चर्चा है। गौरतलब है कि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में एक देश एक चुनाव विधेयक पेश किया था।



सहमति के बाद इस विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया है। अब जेपीसी गठन की तैयारी शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जेपीसी में 31 सांसद शामिल हो सकते हैं, जो विधेयक की समीक्षा करेंगे। 31 सदस्यों में से 21 सदस्य लोकसभा से और 10 सांसद राज्यसभा से होंगे। गठन के बाद 90 दिनों के भीतर समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। हालांकि समयसीमा को बढ़ाया भी जा सकता है। टीएमसी की तरफ से कल्याण बनर्जी, साकेत गोखले को जेपीसी में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस के साथ ही टीएमसी, सपा, एआईएमआईएम, डीएमके ने एक देश एक चुनाव विधेयक का विरोध किया। वहीं एनडीए में भाजपा की सहयोगी टीडीपी और जदयू ने विधेयक का समर्थन किया है। जेपीसी के लिए राजनीतिक पार्टियों से अपने सांसदों के नाम देने के लिए कहा गया है। किस पार्टी से कितने सांसद होंगे, अभी ये तय नहीं है, लेकिन लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते जेपीसी अध्यक्ष और सबसे ज्यादा सांसद भाजपा के होंगे। गौरतलब है कि देश में लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए सरकार ने लोकसभा में संविधान (129वां) संशोधन विधेयक पेश किया है।

## उत्तराखंड में जनवरी 2025 से लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड की बैठक के दौरान सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है। सीएम धामी ने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति, गठित करने का निर्णय लिया गया था।

## सुझाव और मांग के लिए कोर्ट के दरवाजे हमेशा खुले हैं : सुको



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर पंजाब सरकार को चेताया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि अगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी हुई तो इसके लिए पंजाब सरकार जिम्मेदार होगी। बता दें कि किसान नेता डल्लेवाल 23 दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हुए हैं। इसको लेकर कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हम साफ करना चाहते हैं कि अदालत के दरवाजे किसानों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी मांग या सुझाव के लिए हमेशा खुले हैं। साथ ही कोर्ट ने दल्लेवाल के स्वास्थ्य पर भी संज्ञान लिया और पंजाब सरकार से जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता देने को कहा।

# कांग्रेस खुद संविधान, आंबेडकर विरोधी : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। विपक्ष लगातार शाह से इस्तीफा मांग रहा है। अब गृह मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में संविधान की गौरव गाथा पर चर्चा होनी थी। संसद में जब चर्चा होती है तो एक बात कॉमन होती है कि तथ्यों पर बात होनी चाहिए। मगर कांग्रेस कल से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। यह निंदनीय है।



उन्होंने शुरुआत में कहा, विगत सप्ताह में संसद में लोकसभा और राज्यसभा में संविधान को स्वीकार किए हुए 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निर्माताओं के योगदान और संविधान में प्रस्थापित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन हुआ। इस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव यात्रा, विकास यात्रा और उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। ये तो स्वाभाविक है कि जब लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं, तो हर मुद्दे पर लोगों का, दलों का और वक्ताओं का नजरिया अलग-अलग होता है। मगर संसद जैसे देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक फोरम में जब चर्चा होती है, तब इसमें एक बात कॉमन होती है कि बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा, कल से कांग्रेस ने जिस प्रकार तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रखने का प्रयास किया है वो निंदनीय है। मैं इसकी निंदा करना चाहता हूं। ये इसलिए हुआ क्योंकि भाजपा के वक्ताओं ने संविधान पर, संविधान की रचना के मूल्यों पर और जब-जब कांग्रेस या भाजपा का शासन रहा, तब शासन ने संविधान के मूल्यों का किस तरह से मूल्यांकन, संरक्षण और संवर्धन किया, इस पर तथ्यों और अनेक उदाहरण के साथ भाजपा के वक्ताओं ने विषय रखे।

## महाजन फायरिंग रेंज में अभ्यास के दौरान बम विस्फोट, दो सैनिकों की मौत, एक घायल

**बीकानेर।** बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया है। यहां बम फटने से दो सैनिक शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घायल सैनिक को हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ के हॉस्पिटल भेजा गया है।

लूणकरणसर सीओ नरेंद्र पूनिया ने बताया कि तोप में गोला, लोड करते वक्त फट गया। इससे एक हवलदार और एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मृतक सैनिकों में से एक दौसा (राजस्थान) और दूसरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। एक कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ भेजा गया है।

गौरतलब है कि बीकानेर ही महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान यह दूसरा हादसा हुआ है। तीन दिन पहले यहां एक जवान की उस वक्त मौत हो गई। जब वह तोप को टोइंग व्हीकल से अटैच कर रहा था। तोप फिसल गई और बीच में दबने से उसकी मौत हो गई।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयारी

**बंगलूरू।** भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल इसरो ने अपने महत्वकांक्षी गगनयान मिशन की लॉन्चिंग की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में एचएलवीएम3 (ह्युमन रेटेड लॉन्च व्हीकल मार्क-3) की असेंबली शुरू कर दी गई है। गगनयान मिशन को साल 2025 में लॉन्च किया जाना है। यह तैयारियां ऐसे समय हो रही हैं, जब इसरो के एलवीएम3-एक्स मिशन को 10 साल पूरे हो गए हैं। साल 2014 में एलवीएम-एक्स मिशन को लॉन्च किया गया था और अब ये एचएलवीएम-3, उसी एलवीएम-एक्स का उन्नत रूप है।

## चाय की केतली लेकर कांग्रेस विधायकों का अनोखा प्रदर्शन

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर लगाया आरोप



**भोपाल।** बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में चाय की केतली और बैनर, पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने युवाओं की बेरोजगारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। यह प्रदर्शन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायकों द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा में गांधी प्रतिमा के पास किया गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस के विधायकों ने हाथ में चाय की केतली और गिलास लेकर सरकार पर बेरोजगारी को लेकर गंभीर सवाल उठाए।

इस अनोखे प्रदर्शन को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार ने युवाओं को 2 लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन वो पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज पुलिस भर्तियां नहीं हो पा रही, संविदा शिक्षक भर्ती नही हो पा रही, डॉक्टरों की भर्तियां भी रुकी पड़ी है। ये सरकार बच्चों को पढ़ाने के बाद नौकरियां नही देना चाहती।

# महाकुम्भ में रहेगी बाज जैसी नजर वाली सुरक्षा

### केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 10000 जवान तैनात

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में बाज की नजर जैसी सुरक्षा के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 100 कंपनियों को तैनात किया जा रहा है। सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी और सीआईएसएफ की कंपनियों को कुम्भ मेले में सुरक्षा के लिए कई तरह की जिम्मेदारी सौंपी जाएंगी। सीएपीएफ के लगभग 10 हजार जवान प्रयागराज पहुंचना शुरु हो गए हैं। सीआईएसएफ की 17 कंपनियों को विभिन्न चरणों के तहत मेला क्षेत्र में तैनात किया जाएगा। इस फोर्स का बम डिटेक्टर एंड डिस्पोजल स्क्वाड भी कुम्भ में पहुंच रहा है। राजस्थान सहित कई दूसरे राज्यों की रिजर्व पुलिस फोर्स भी प्रयागराज में तैनात होगी। केंद्रीय एजेंसियों के मुताबिक, कुम्भ में पुख्ता इंटेलिजेंस जुटाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है। प्रयागराज में यूपी पुलिस के अलावा बाहर से आने वाले केंद्रीय बल भी इंटेलिजेंस एकत्रित करने का काम करेंगे। मेले के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय के मल्टी एजेंसी सेंटर मैक में तेजी के साथ इनपुट साझा किए जाएंगे। इस सेंटर पर केंद्र सरकार की विभिन्न जांच एजेंसियां, खुफिया विंग, सेना के तीनों अंग और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की इकाइयां, सूचनाओं का आदान प्रदान करती हैं। सूत्रों के मुताबिक, कुम्भ मेले की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय बलों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। संदिग्ध तत्वों पर नजर रखने और क्राउड मैनेजमेंट के लिए केंद्रीय बलों को विशेष महारत हासिल है। सीआईएसएफ की 17 कंपनियों में से अभी दो कंपनी, मेला क्षेत्र में पहुंच चुकी हैं। बाकी कंपनियों को भी विभिन्न चरणों में तैनात किया जाएगा। केंद्रीय बलों के जवान, अचूक तरीके से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। वे जवान, लोकल पुलिस द्वारा तैयार चार-जोन सुरक्षा ढांचे के मुताबिक तैनात होंगे। सीआरपीएफ आरएएफ के जवानों को भीड़ वाली जगह पर तैनात किया जाएगा। ये जवान किसी भी तरह के आतंकी हमले का जवाब देने में सक्षम रहेंगे। सीएपीएफ के अलावा यूपी पीएसी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की भी 10 कंपनियां प्रयागराज में मौजूद रहेंगी। श्रद्धालुओं की पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीएसी की 10 कंपनियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। गार्ड के साथ 700 नाव तैयार की गई हैं। इनके साथ 141 सुरक्षाकर्मी रहेंगे। कुम्भ में फ्लोटिंग थर्मोप्लास्टिक बैरिकेड्स लगाए जाएंगे। नाव आपस में न टकराएं, इसके लिए नेविगेशन लेन तैयार की गई है। पहले जोन में 27 मोटर बोट और 113 नावें रहेंगी।

सुरक्षा कर्मी, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ कर्मी, लगभग दो दर्जन गोताखोर तैनात रहेंगे। इसी तरह दूसरे जोन को भी 28 बीटों में विभाजित किया गया है। इसमें 24 मोटर बोट व 77 नावें रहेंगी। दो सौ से अधिक सुरक्षाकर्मी, जिनमें एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवान, होम गार्ड और गोताखोर शामिल हैं। ड्रोन के जरिए मेले के चप्पे चप्पे पर नजर रखी जाएगी। पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। फेस रिकॉग्निशन कैमरे लगाए जाएँगे। पूरे मेले को संचालित करने वाले पावर सेंटर यानी कंट्रोल रूम से भीड़ पर नजर रखी जाएगी।

# यूपी की धान खप रही चितरंगी में, जिम्मेदार मौन

### झरकटा घाट मार्ग से आ रही धान, चितावल वन बैरियर पर हो रही नियमो की अनदेखी, मिलीभगत के लग रहे आरोप

सिंगरौली

जैसे ही समितियों के द्वारा धान खरीदी शुरू की जाती है वैसे ही धान की खेप उत्तरप्रदेश से चितरंगी आने लगती है। कुछ ऐसा ही इन दिनों झरकटा घाट मार्ग पर देखने को मिल रहा है। जहां खुलेआम वाहनों के माध्यम से धान की आवक हो रही है। यह सब कु छ प्रशासन के इशारे पर हो रहा है। जबकि विधिवत चितावल पुल के पास वन विभाग का बैरियर बनाया गया है। लेकिन सांठगांठ होने की वजह से जमकर धान एमपी के सिंगरौली-चितरंगी पहुंच रही है।



सूत्रों की बातों पर गौर करे तो धान की कालाबाजारी को रोकने के लिए कलेक्टर के निर्देशन में जिले भर में सीमावर्ती इलाको में विधिवत वन विभाग के बैरियर बनाये गये हैं। इन बैरियर पर विधिवत कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। धान उपार्जन केन्द्रों पर कालाबाजारी को रोका जा सके। लेकिन सिंगरौली के तहसील चितरंगी इलाके में उ.प्र. से भारी संख्या में वाहनों के माध्यमो से धान की खेप घोरावल-झरकटा घाट मार्ग से आ रही है। सूत्र तो यह भी दावा कर रहे हैं कि प्रतिदिन पिकअप वाहन घोरावल घाट ऊतर रहे हैं। जबकि चितावल पुल पर बैरियर बनाया गया है। जहां बैरियर पर बैठे कर्मचारियों से सांठगांठ करते हुये चिन्हित ठिकानों पर धान की खेप पहुंच रही है। एक तरफ प्रशासन यह दावा कर रहा है कि धान की कालाबाजारी को पूरी तरीके से प्रतिबंध करना है। जिसके लिए कर्मचारी तैनात किये गये हैं। लेकिन इन्हीं कर्मचारियों के द्वारा धान खरीदी के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए यूपी से धान समितियों में पहुंचाई जा रही है। यह पूरा खेल प्रशासन के मिलीभगत से किया जा रहा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि जब पिकअप वाहन से धान यूपी से आती है तो चितावल पुल पर तैनात कर्मचारी बैरियर लगा देते हैं। जब धान की कालाबाजारी करने वाले लोग धीरे से 100-200 और 500 की पत्ती पकड़ा देते हैं तो बैरियर अपने आप खुल जाता है। धान उपार्जन केन्द्रों पर खुलेआम यूपी की धान खप रही है। प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है।

#### धान कालाबाजारी रोकने बना बैरियर

बीते 5 दिसम्बर को कलेक्टर सिंगरौली के द्वारा खरीफ विपणन मौसम में समर्थन मूल्य पर धान एव मोटा अनाज का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जाना है। जिसके लिए सिंगरौली के सीमावर्ती राज्यों उ.प्र. एवं छग प्रांत से जिले में धान एवं मोटा अनाज का उपार्जन केन्द्रों में अवैध परिवहन एवं समर्थन मूल्य पर अवैध बिक्री की रोकथाम के लिए चेकपोस्ट, वन विभाग, कृषि उपज मण्डी एवं कृषि विकास विभाग के कर्मचारियों की नियुक्ती की गई। जिले के बैढ़न-बीजपुर मार्ग बलसोता -बैढ़न से सूरजपुर, बैरियर झांझी, बैढ़न-शक्तिनगर मार्ग, बैरियर जयंत, मोरवा से अनपरा मार्ग बैरियर खननहना, बैढ़न-शक्तिनगर-तेलगवां चिन्हित किया गया। इसी तरह माड़ा से रामगढ़ वन बैरियर बिन्दुल के अलावा चितरंगी से घोरावल वन बैरियर चितावल बनाया जाए। ताकि कालाबाजारी रोका जा सके।

# कसदा में हुई हत्या मामले में महिला समेत तीन संदेही हिरासत में

### गढ़वा पुलिस शीघ्र कर सकती है खुलासा, प्रेमी के साथ मिलकर कही रची तो नही साजिश

**सिंगरौली।** जिले के गढ़वा थाना के बगदरा चौकी कसदा पुलिया के पास बीती शाम तकरीबन 7 बजे एक युवक की हत्या हुई थी। गढ़वा पुलिस ने इस हत्या मामले में एक महिला सहित तीन को हिरासत में लेकर संदेहियों से पूछतांछ कर रही है। जिसका एसडीओपी ने शीघ्र खुलासा करने की बात भी कही है। गढ़वा थाना अंतर्गत बगदरा चौकी के ग्राम जगमार में रहने वाले बिंदु सिंह गोंड़ 22 वर्ष पुत्र रामरक्षा सिंह गोंड़, की शादी जुलाई 2024 को गुलरिहा निवासी 21 वर्षीय रतमनिया सिंह गोंड़ के साथ हुई थी। बिंदु मुंबई में काम करता था और जब वो वहां से लौटकर आया तो मंगलवार को अपनी पत्नी रतमनिया को उसके मायके में अपने ससुरालियों से मिलवाने के लिए ले गया था। दिन भर अपनी ससुराल में रुकने के बाद देर शाम लगभग 7 बजे बिंदु अपनी पत्नी के



साथ वापस अपने घर आने के लिए ससुराल से विदा लेकर रवाना हुआ। वो इस बात से अनजान था कि उसकी जिंदगी का सौदा रास्ते में ही कर दिया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि जब यह पति-पत्नी नैकहवा कसदा पुलिया के पास पहुंचे। तभी रतमनिया का प्रेमी अपने एक अन्य साथी के साथ वहां आया और उसने आते ही बिंदु पर लाठी व धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया। एकाएक हुए हमले से बिंदु जब तक कुछ समझ पाता, तब तक उसकी पत्नी ने अपने पति को बचाने की बजाए उसकी जान लेने में अपने प्रेमी का ही साथ दिया। महिला के प्रेमी व उसके साथी ने बिंदु पर उस समय तक मारपीट की जब तक उसके प्राण-पखेरू उड़ नहीं गए। हत्या करने के बाद महिला का प्रेमी व उसका साथी मौके से भाग गए। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पत्नी द्वारा सुनाई गई कहानी में शंका पैदा हुई। एसडीओपी चितरंगी ने बताया की एक महिला व दो युवको को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जा रही है।

# हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**सिंगरौली।** डायल 100 नंबर वाहन में लगे कर्मचारी द्वारा जानकारी मिली कि छोटके पटेल निवासी बढ़नई को टांगी से मारपीट हुई है। जिसे घायल अवस्था में देवसर अस्पताल उपचार के लिए लाया गया है।

उक्त सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक सरनाम सिंह मौके पर अस्पताल देवसर आकर फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 294, 307 ताहि का अपराध पंजीबद्ध किया। 15 नवम्बर 2018 दिन गुरूवार को लगभग 8 बजे सुबह फरियादी छोटके पटेल अपने घर के पास आलू की दहाई -सिंचाई अपनी पत्नी रीता पटेल के साथ कर रहा था। उसी समय उससे उसका छोटा भाई तुलसीदास पटेल घर से टांगी लेकर उसके पास आया और पुरानी रंजिश को लेकर बोला कि बरसात के महीने में उसकी बकरी व मवेशी खेत में घुस जाने की बात को लेकर उसका भाई जो हांथ में टांगी लिया था, गंदी-गंदी गालियां देते हुए हत्या करने की नियत से उसकी गर्दन में टांगी से मारा। जहां गर्दन झुका लिया तो गर्दन के नीचे पीछे तरफ लगी। जिससे काफी खून बहने लगा और वहीं पर गिर गया। उसकी पत्नी रीता पटेल आवाज लगाई तो तुलसीदास पटेल टांगी लेकर भाग गया और उसकी पत्नी हल्ला-गोहर की। जहां फूलचंद पटेल, साहबलाल पटेल, बेलाबाई पटेल तथा अन्य लोग भी आ गये। फिर डायल 100 नंबर गाड़ी को फोन किये तब अस्पताल लाया गया। उक्त घटना की रिपोर्ट थाना जियावन के धारा 294, 307 भादवी पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया था। न्यायालय विजय कुमार सोनकर, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, देवसर द्वारा प्रकरण के विचारण उपरांत आरोपी तुलसीराम पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बढ़नई के विरूद्ध हत्या का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी को आजीवन करावास एवं दो हजार रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### भारतीय मजदूर संघ ने चितरंगी में किया संपर्क

**सिंगरौली।** जिले की तहसील चितरंगी ग्राम गोनरा, बसनिया, झगरौहां, परसोहर, घोसनिया अन्य ग्रामीणों में श्रमिक सम्पर्क राधा सिंह म.प्र. शासन अभियान किया गया। जिसमें अखिल भारतीय भारतीय मजदूर संघ की कार्य समिति सदस्य संध्या मिश्रा सीधी-सिंगरौली विभाग प्रमुख रमन चौकीकर एवं जिला अध्यक्ष लखपति साकेत जिला मंत्री निर्मेश तिवारी और साथ में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे। 70 वर्ष में भारतीय मजदूर संघ ने मजदूरों के लिए क्या किया है। इसकी जानकारी दी गई।

# कांटा मोड़ से लेकर शुक्ला मोड़ की सड़क पर चलना आसान नही

### एनसीएल नहीं कर रहा मरम्मत, गड्ढों में तब्दील हुई सड़क

**सिंगरौली।** मोरवा क्षेत्र के कांटा मोड़ से लेकर शुक्ला मोड़ चौराहा तक बाइक से भी चलना जोखिम भरा साबित हो रहा है। हाईवे ओवरलोड कोयला वाहनों के चलने से सड़क के कचूमर निकल आए हैं और 2 साल के अंदर ही करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गई। सड़क ध्वस्त हो चुकी है और जगह-जगह इतने खाईनुमा गड्ढे हो गए हैं कि हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

दरअसल कोल खदानों के सड़कों के मरम्मत कार्य का जिम्मा एनसीएल का है। हाल ही में निगाही मोड़ से लेकर जयंत बस पड़ाव उसके आसपास सड़कों का मरम्मत कार्य एनसीसीएल के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से



कराया जा रहा है । वही मोरवा अंचल के कांटा मोड़ से लेकर शुक्ला मोड़ तिराहा तक के सड़क का कचूमर निकल आया है। आलम यह है कि करीब 500 मी की दूरी इस सड़क में करीब एक सैकड़ा खाई नुमा गड्ढे ऐसे बन गए हैं कि आए दिन बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं । सिर्फ गड्ढो के चलते बाइक सवार फिसल जा रहे हैं। गनीमत यही रहे कि अभी तक किसी की जान नहीं गई । लेकिन आए दिन बाइक सवार चालक जख्मी हो जा रहे हैं। इन सब के बावजूद आप है कि एनसीएल शुक्ला मोड़ से लेकर कांटा मोड तक के सड़क का मरम्मत कर नहीं कर रहा है। जबकि सड़क के चिथड़े उड़ने का कारण ओवरलोड कोल वाहनों के आवाजाही से हुआ है। फिलहाल उक्त सड़क के मरम्मत न होने से जहां प्रदूषण फैल रहा है। वही वाहनों के चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। 500 मी उक्त सड़क का मरम्मत कार्य एनसीएल कब कराएगा, जिम्मेदार अधिकारी सवाल का जवाब देने से भागते नजर आते हैं।

# नये मंडल अध्यक्षों का कार्यालय में किया गया अभिनन्दन

### आगामी कार्यक्रमों की तय की गई रुप रेखा

**सिंगरौली।** भाजपा के समस्त नवनियुक्त 18 मंडल अध्यक्षों का भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में अभिनन्दन किया गया। जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त मंडल अध्यक्षों का माल्यार्पण कर उनको पार्टी का अंगवस्त्र पहनाया गया तथा उनका मुंह मीठा कराकर उनको नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह करूवंशी, नीरज पाण्डेय, सौरभ गुप्ता, कमलेश शाह, भागवत जायसवाल, सुनीता पांडेय, मनोज शाह, केडी बैस, रामधनी यादव, आशीष धर द्विवेदी, अम्बेश द्विवेदी, अर्जुन यादव, विनोद बैस अजय द्विवेदी, राम लल्लू सिंह गोड़, गंगा सागर बैस, अमित सिंह चौहान, सुरेंद्र नाथ सिंह का अभिनंदन जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया ।

# खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है: डीके

### बीपीएल बलियरी प्रीमियर लीग के दूसरे दिन खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन करने पहुंचे ननि आयुक्त

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 38 तुलसी में बीपीएल बलियरी प्रीमियर लीग 2024-25 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 के दूसरे दिवस आज ननि आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा खेल मैदान में पहुचकर दोनों टीमो के खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुये निगमायुक्त ने कहा कि आज इस मैदान में खेलने वाले खिलाड़ी का देश का भी नेतृत्व करेंगे।



उन्होने कहा कि आज छोटे नगरो के खिलाड़ी देश विदेश में अपने जिले प्रदेश का नाम रोशन कर रहे। इसके लिए जरूरी है कि खिलाड़ी अपने खेल में पूरी तरह से फोकस करे। निगमायुक्त ने खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है, बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं। खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही टीम भावना व प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। इस दौरान निगमायुक्त का वार्ड पार्षद एवं अपीलीय समिति सदस्य अनिल बैस के द्वारा गुलदस्ता भेटकर अत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान पार्षद रामनरेश शाह, राम गोपाल पाल सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया बंद हो: रितेश

**सिंगरौली।** युवा समाज सेवी रितेश द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये कहा है कि म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल बोर्ड द्वारा एक ही परीक्षा एजेंसी एडुक्विटी से पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षा आयोजित कराई जा रही हैं। उसी का नतीजा है कि परीक्षाओं में धांधली के आरोप लगते रहते है। कर्मचारी चयन मंडल बोर्ड का ऐसा कौन सा प्रेम है जो इतने आरोप लगने के बाद भी खत्म नहीं हो रहा है। वही सरकारे जब वन नेशन वन इलेक्शन की बात कर सकती है तो एक परीक्षा एक दिन एक पाली में क्यों नहीं हो सकती। हाल ही के दिनों में जारी हुए जेल प्रहरी परीक्षा में टॉपर को 100 में से 101 अंक प्रदान कर दिए गए जो नॉर्मलाइजेशन के तहत बताया जा रहा हैं। यह धांधली का नया तरीका है। सरकार से मांग है कि युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एवं परीक्षाओं को पारदर्शि बनाते हुए एक परीक्षा एक दिन और एक पाली में कराई जाए एवं नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया बंद की जाए।

### पड़ने लगी कड़ाके की ठण्ड, अलाव को लेकर सरई नगर परिषद उदासीन

**सिंगरौली।** बीते 3-4 दिनों से सर्दी का सितम शुरू हो गया है। सर्दी की ठिठुरन में घरों में रहने वालों से ज्यादा सड़क किनारे रहने वालों लोगों पर अपना असर दिखाने लगी है। सड़क पर दिन-रात काम करने वाले मजदूर, चालक अंधेरा ढलते ही मुश्किल का दौर शुरू हो जाता है। ऐसे लोग शरीर को गर्म करने के लिए आसपास के लकड़ी व अन्य सामग्रियों को जलाकर अलाव की व्यवस्था तो कर रहे हैं। परंतु यह ना काफी साबित हो रहा है। लोगों का कहना है कि सरकारी स्तर पर नगर प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाने वाला अलाव की व्यवस्था किए जाते काफी देर हो जाती है। स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासन से शीघ्र ही सरई नगर के सभी मुख्य स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करने की मांग की है।

# डीईओ की जांच में कहीं कक्षाएं मिली खाली तो कही धूप लेते मिले शिक्षक

### सहायक संचालक ने विंध्यनगर विद्यालय का किया निरीक्षण, बोर्ड परीक्षा के छात्रों को बेहतर परिणाम लाने दिया टिप्स, लापरवाह शिक्षको को लगाई फटकार

**सिंगरौली।** जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह लगातार विद्यालयों का आर्थिक निरीक्षण कर लापरवाह शिक्षकों को फटकार लगाते, बल्कि कार्यवाही कर रहे हैं। आज निरीक्षण के दौरान हाई स्कूल गोदवाली के शिक्षक धूप सेकते जबकि हाई स्कूल पतेरी में शिक्षक कक्षाओं में नहीं मिलने पर हिदायत देते हुए फटकार लगाई है। कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ और सहायक संचालक ने विख चितरंगी अंतर्गत गोदवाली और पतेरी में निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां निरीक्षण के चितरंगी विख



के हाई स्कूल पतेरी में कक्षाएं तो संचालित मिली। लेकिन कोई भी शिक्षक कक्षा में नहीं मिले। सभी शिक्षक एक जगह बैठकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करते पाए गए। इस दौरान कविता त्रिपाठी 9वीं कक्षा में पहुंची और बच्चों से आज क्या-क्या पढ़ाई हुई उसके बारे में जानकारी ली। जहां बच्चों ने बताया कि गणित विषय के अलावा किसी भी विषय की पढ़ाई नहीं हुई। बच्चों ने डीईओ से शिकायत की कि शिक्षक अशोक दुबे संस्कृत पढ़ाते हैं। लेकिन कई दिनों से संस्कृत विषय की पढ़ाई नहीं हुई है। जहां डीईओ ने शिक्षक को फटकार लगाते हुए जवाब मांगा है। साथ ही निर्देशित किया है कि प्रतिदिन वीडियो कॉलिंग के माध्यम से संस्कृत विषय के साथ-साथ अन्य विषय की मॉनिटरिंग जिला कार्यालय को अवगत कराएं। वही हाई स्कूल गोदवाली में जांच के दौरान सभी शिक्षक विद्यालय के बाहर कुर्सी लगाए धूप लेते मिले। जबकि एक शिक्षिका अवकाश पर थी। हालांकि इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि मध्यावकास था। जिस वजह से शिक्षक धूप ले रहे थे। वहीं डीईओ और सहायक संचालक ने बच्चों से बोर्ड परीक्षा के पूर्व टाइम मैनेजमेंट पर चर्चा की। साथ ही सभी शिक्षकों को हिदायत दिया की सभी शिक्षक अपने-अपने कक्षाओं में बच्चों के बीच रहे और उनके शिक्षा स्तर को कैसे सुधारा जाए इस पर काम करें। वहीं शाउमावि विन्ध्यनगर में 11 बजे सहायक संचालक औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बच्चों की उपस्थिति शिक्षक की उपस्थिति शिक्षक की दैनिक दिनचर्या आधार आईडी कॉपी मूल्यांकन की जांच की साथ ही बोर्ड परीक्षा नजदीक आने के दृष्टिकोण से 12वीं के बच्चों से टाइम मैनेजमेंट पर चर्चा की एवं परीक्षा बेहतर परिणाम कैसे लाया जा सकता है। इसके बारे में टिप्स दिए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/ 4513 /राजस्व/न.पा.नि./2024 रीवा, दिनांक 17/12/2024

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात् कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात् नामांतरण की विधिवत् कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 354 | 12/309 खुटेही, जिला - रीवा (म0प्र0) | श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता श्री रामनिहोर गुप्ता | श्रीमती स्नेहलता सिंह पति श्री भूपेन्द्र सिंह | क्रय-विक्रय |
| 2 | 355 | 12/332 खुटेही, जिला - रीवा (म0प्र0) | श्री भानुप्रताप सिंह पिता स्व0 श्री गणेश प्रताप सिंह | श्रीमती स्नेहलता सिंह पति श्री भूपेन्द्र सिंह | क्रय-विक्रय |
| 3 | 370 | 27/797 बिछिया, जिला - रीवा (म0प्र0) | स्व0 श्री रामसिया कुशवाहा पिता स्व0 श्री गंगादीन कुशवाहा | श्री मती सुशीला कुशवाहा पति स्व0 श्री रामसिया कुशवाहा एवं सोनू कुशवाहा, सत्येन्द्र कुशवाहा, पुष्पेन्द्र कुशवाहा, विजय कुशवाहा, अजय कुशवाहा सभी के पिता स्व0 श्री रामसिया कुशवाहा | वारिसाना |
| 4 | 356 | 12/1033 उर्रहट, जिला - रीवा (म0प्र0) | श्रीधर वर्मा पिता स्व0 श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा | श्री रामराज वर्मा पिता श्रीधर वर्मा | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 5 | 365 | 07/882 हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोदाबाग, जिला - रीवा (म0प्र0) | श्री सुरेश चन्द टंडन पिता स्व0 श्री रामभरोसे टंडन | श्रीमती प्रमिला सिंह पति श्री कमलेन्द्र सिंह | क्रय-विक्रय |
| 6 | 366 | 07/881 हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोदाबाग, जिला - रीवा (म0प्र0) | श्री एस.बी. गुप्ता पिता श्री सी.बी. गुप्ता | श्री कमलेन्द्र प्रताप सिंह पिता स्व0 श्री पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह | क्रय-विक्रय |
| 7 | 359 | 02/89/2 अनंतपुर गृह निर्माण समिति, जिला - रीवा (म0प्र0) | श्री अजीत कुमार पाण्डेय पिता श्री श्यामलाल पाण्डेय | श्री राजू पाठक पिता श्री कोदूलाल पाठक | क्रय-विक्रय |
| 8 | 361 | 05/648/24 शाही अपार्टमेंट ढेकहा, जिला - रीवा (म0प्र0) | श्री तीरथ प्रसाद सोनी पिता श्री जगनन्दन सोनी | श्रीमती आरती शर्मा पति श्री रीतेश पाण्डेय | क्रय-विक्रय |

उपायुक्त ( राजस्व )
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )

# जनकल्याण के कार्यों की तथ्यपरक रिपोर्ट पोर्टल में दर्ज करें : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए प्रशासन गांव की ओर अभियान के निर्देश

सीधी

प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर तथा अन्य अधिकारियों को प्रशासन गांव की ओर अभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, राजस्व महाभियान में प्रकरणों के निराकरण, जन सुनवाई तथा जन शिकायत के प्रकरणों का निराकरण करके भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज कराएं। इस अवधि में विभागीय उपलब्धियों, हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियाँ तथा जनकल्याण के कार्यों को भी पोर्टल में दर्ज कराएं। पोर्टल में सभी जिलों से प्रकरणों के



निराकरण के संबंध में तथ्यपरक रिपोर्ट दर्ज करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप चलाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान के 8 प्रमुख बिन्दु हैं। इनमें सीपी ग्राम में दर्ज शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई के प्रकरणों के निराकरण, हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने से संबंधित शिकायतों के निराकरण को शामिल किया गया है। साथ ही सुशासन से जुड़े लोक सेवा गारंटी अभियान, समाधान एक दिन, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल तथा अन्य ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने और निराकरण के प्रयासों को भी इसमें शामिल किया गया है। पोर्टल पर विभिन्न योजनाओं और विभागीय सेवाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियाँ, जिलों के विजन डाक्यूमेंट, प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो में कलेक्टर के सोशल मीडिया एकाउंट से दर्ज विभागीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है। अभियान के दौरान सीपी ग्राम की सभी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के क्षेत्र में कार्य करने वाला अग्रणी राज्य है। प्रतिदिन औसतन 40 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। प्रकरणों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। जिन जिलों में विजन डॉक्यूमेंट तैयार हो गया है वे भी इसे उपलब्ध करा दें। अभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें भी प्रतिदिन लगाए जा रहे शिविरों में लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराएं। सुशासन के सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही करके ऑनलाइन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ प्रशासन गांव की ओर शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए जिलेवार कार्यक्रम निर्धारित कर लिया गया है। इन शिविरों में संभागीय और जिला स्तर के अधिकारी भी शामिल होंगे। सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के लिए सभी जिलों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक, चुरहट शैलेश द्विवेदी तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकासखंड सीधी में दिव्यांग छात्रों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर हुआ संपन्न

सीधी। आज दिनांक 18 दिसंबर को राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा एलिमको जबलपुर के सहयोग से चिकित्सीय मूल्यांकन सिविर का आयोजन विकासखंड सीधी में किया गया चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में जिला शिक्षा केंद्र जिला परियोजना समन्वयक जिला सीधी श्री राजेश तिवारी सहायक परियोजना समन्वयक आईडी रजनीश श्रीवास्तव रमाकांत मिश्रा एवं मोबाइल स्रोत सलाहकार राजेश कुमार तिवारी राजेश गुप्ता चंद्र प्रताप सिंह चौहान सब इंजीनियर रमाशंकर तिवारी विश्वनाथ वर्मा जन शिक्षक शिवराज सिंह चौहान पंकज निगम मनोज सिंह अभयराज योगी अजय पांडे अशोक लाल साकेत अरविंद तिवारी सुखलाल साकेत ज्ञानेंद्र सिंह भारत लाल द्विवेदी दिलीप कॉल राम सिंह जय भारत सिंह शैलेंद्र सिंह मिश्रा लेखपाल अरुण यादव आज किसी मूल्यांकन शिविर में कुल दिव्यांग छात्रों की उपस्थिति 251 दिव्यांग छात्र उपस्थित हुए के सहयोग से एलिमको विशेषज्ञों के



द्वारा 91 दिव्यांग बच्चों का उपकरण हेतु चयनित किया गया साथ में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा 21 दिव्यांग छात्रों के मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए गए इन दिव्यांग बच्चों को मेडिकल प्रमाण पत्र के साथ-साथ यूडीआईडी कार्ड प्रमाण पत्र भी बनाया गया जिसमें दिव्यांग बच्चों के विकासखंड के दूर-दूर से आए हुए विद्यालय से अभिभावक एवं शिक्षक ऑन का अच्छा सहयोग है यह कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय के पास माध्यमिक विद्यालय खनौदा के संस्था प्रमुख अशोक पाठक कक्षा सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में विवेकानंद विद्यालय के शिक्षक एव दिव्यांग बच्चों का छात्र भी उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ प्रभारी बीआरसीसी अजीत शर्मा द्वारा कार्यक्रम में पधार हुए सभी एलिमको विशेषज्ञ जिला मेडिकल बोर्ड एवं दिव्यांग बच्चों शिक्षकों जन शिक्षकों एवं अभिभावकों का कार्यक्रम में सहयोग देने हेतु धन्यवाद प्रकट किया गया।

# लोककल्याण पर्व में भगवार में हितग्राहियों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन हुई स्वीकृत



सीधी। भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 का तथा 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक जनकल्याण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 11 दिसंबर 2024 को ग्राम पंचायत भगवार जनपद पंचायत कुसमी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में हितग्राही तेरसुआ बाई सिंह, सुखनन्दन सिंह, गोपाल सिंह व दलप्रताप सिंह के द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। उपरोक्त आवेदनों का परीक्षण कर दिनांक 18.12.2024 को स्वीकृति पश्चात् संबंधित हितग्राहियों को प्रदान किया गया। उक्त हितग्राहियों को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग म.प्र. शासन द्वारा प्रतिमाह 600 रुपये वृद्धावस्था पेंशन प्रदान किया जायेगा। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन की स्वीकृत होने पर उक्त हितग्राहियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जगद्गुरु परमहंस आचार्य के पावन सानिध्य में विराट कवि सम्मेलन संपन्न

सीधी

सिहावल बमुरी की पुनीत धरती पर पायलट बाबा शंकरदीन चतुर्वेदी के आयोजकत्व तथा पं इन्द्रजीत प्रसाद चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एक विराट कवि सम्मेलन रविवार 15 दिसम्बर को सम्पन्न हुआ। यह बमुरी का कवि सम्मेलन इसलिए ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि इस मंच पर तपस्वी छावनी अयोध्या धाम पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य कवि सम्मेलन के समापन तक विराजमान रहे और कवियों पर कृपा बरसाते रहे। कवि सम्मेलन का श्रीगणेश रीवा से पधारी कवयित्री डा आरती तिवारी की वाणी वंदना से हुआ। आपने कई गीत गजल पढ़कर श्रोताओं को



आकृष्ट किया।कवि रामसिया अनपढ़ बमुरी ने श्रवणीय गीत पढ़ा तथा हटवा निवासी गणेश प्रसाद विकट ने अनेक विधाओं की रचनाएँ पढ़ी। कवि तामेश्वर शुक्ल तारक सतना ने आध्यात्मिक छन्द पढ़कर वातावरण को सीताराममय बनाया तो राजबहोर पाठक मनोज पतुलखी ने चिन्तनपरक कविताएँ देकर बौद्धिक चेतना को जगा दिया।रचनापाठ के क्रम में हिन्दी और बघेली के गीत सुनाया अंजनी सिंह सौरभ सीधी ने। डा श्रीनिवास शुक्ल सरस सीधी ने बघेली हास्य व्यंग्य की रचनाएँ सुनाकर खूब गुदगुदाया और नेह दुलार बटोरा। ओज की शैली में उत्तरप्रदेश से आये युवा कवि शिवम मिश्र ने खूब धूम मचाया। इतना ही नहीं मुंबई महाराष्ट्र के आनंद पाण्डेय ने सवैया घनाक्षरी पढ़कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। गीतकार आर डी शर्मा शेष रीवा और गजलकार डा राजकरण शुक्ल राज ने तरन्नुम में पढ़कर खूब तालियाँ बटोरी। बड़े आत्मविश्वास के साथ स्वयं की चार- चार पंक्तियों से कवियों को माइक पर बुलाकर पढ़वाने का चमत्कारिक उपक्रम निर्मित किया यशस्वी मंच संचालक कवि रमाकान्त द्विवेदी सावन ने। आपके संचालन की सराहना मंच से लेकर श्रोताओं तक में देखने को मिली। मंचस्थ पीठाधीश्वर परमहंस आचार्य ने सभी कवियों पर अपना नेह दुलार उड़ेलते हुए कहा कि अब हमें बाहर से कवि बुलाने की आवश्यकता नहीं है, विन्ध्य के कवि ही पर्याप्त हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि अगले वर्ष इससे भी बड़ा कवि सम्मेलन इसी धरा पर होगा। कवि सम्मेलन में शुरु से लेकर अंत तक पुरुष और महिलाएँ पर्याप्त संख्या में उपस्थित रहे और कवि सम्मेलन का आनंद लेते हुए इस ठिठुरन में भी जमे रहे। इस अवसर पर विद्यापति द्विवेदी बमुरी, के के पटेल प्राचार्य, दलबहादुर सिंह चंदेल दुधमनिया, अँतर लाल सिंह चंदेल बमुरी, कृष्ण बिहारी पटेल, संतोष पाठक लदबद आदि सहित भारी तादाद में ग्राम्य जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# धान विक्रय की समस्याओं का निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

सीधी। जिला आपूर्ति अधिकारी नागेंद्र सिंह ने जिले के समस्त किसान भाईयों को सूचित किया है कि म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 08.11.2024 के अनुसार जिले में धान उपार्जन का कार्य 40 उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। उपार्जन का कार्य 02.12.2024 से 20.01.2025 के मध्य किया जाना है। जिले के समस्त किसान जिन्होंने अपने धान की बिक्री अभी तक नहीं की है। निर्धारित नजदीकी खरीदी केन्द्र में अपना स्लॉट बुक कर अपने धान की बिक्री कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय सीधी में कमरा नम्बर 81 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। संदीप कुमार तिवारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं मनोज कुमार वर्मा आपरेटर नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नम्बर 7000663880 एवं 8871580928 में जिले के समस्त किसान अपनी धान विक्रय की समस्याओं का निराकरण प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक करा सकते हैं।

# विधायक ने विधानसभा सदन में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रत्येक थाने में वन स्टॉप वन सेंटर योजना के तहत पुलिस डेस्क व्यवस्था व विधि सहायता सेंटर खोलने की रखी बात

**वन स्टॉप वन सेंटर योजना के तहत प्रत्येक थाना में हेल्प डेस्क सेंटर खुलने से हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को मिलेगी सहायताः रीती**



सीधी। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने 17 दिसम्बर 2024 को मध्यप्रदेश विधानसभा सदन में मध्यप्रदेश विधानसभा की गौरवपूर्ण यात्रा के 68 वर्ष पूर्ण होने पर सदन में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए अपने तार्किक प्रश्न के माध्यम से विधानसभा में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वन स्टॉप वन सेंटर योजना के तहत हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को एक ही जगह पर सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए पीड़ित महिलाओं को पुलिस-डेस्क, विधि सहायता, चिकित्सा, काउंसलिंग और अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए प्रत्येक थाना में हेल्प डेस्क सेंटर की व्यवस्था को संचालित करने के लिए आग्रह किया। हेल्प डेस्क सेंटर की व्यवस्था होने से पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, आश्रय, मेडिको लीगल सहायता, मनोवैज्ञानिक सहायता, परामर्श सहायता के साथ ही पीड़ित महिलाओं को तत्काल, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन मदद के साथ ही हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा की दृष्टि से संबल और आत्मनिर्भर बनने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

सीधी विधायक के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए शीघ्र वन स्टॉप वन सेंटर योजना के तहत प्रत्येक पुलिस थाने में हेल्प डेस्क सेंटर खोलने हेतु आश्वस्त किया।

# सिहौलिया गौशाला की जांच के लिए दल गठित

ठ जिले के ग्राम पंचायत सिहौलिया में संचालित गौशाला में मृत पशुओं को वाहन से घसीटने की घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल द्वारा गौशाला की जांच के लिए दल गठित किया गया है। साथ ही सरपंच, सचिव तथा संचालन समिति सरस्वती स्वसहायता समूह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल ने बताया कि गौशाला एवं घटना की जांच के लिए खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत सिहावल एवं पीसीओ जनपद पंचायत सिहावल को शामिल किया गया। जांच दल के प्रतिवेदन के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सिहौलिया के सरपंच, सचिव तथा अध्यक्ष/सचिव सरस्वती स्वसहायता समूह सिहौलिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन से मवेशियों हेतु भोजन, देखरेख एवं उपचार के लिए दिशा निर्देश जारी है एवं राशि भी प्रदाय किया जाता है।

# जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर आयोजित



सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार चिकित्सा विभाग, जेल प्रशासन के सहयोग एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला जेल सीधी में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के उद्देश्य से दिनांक 18.12.2024 को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन एवं जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया।

शविर का शुभारंभ श्री वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन, श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सकीय विशेषज्ञ श्री हरिओम सिंह एवं श्रीमती अंकिता सिंह तथा जेल अधीक्षक श्री रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, पैनल लॉयर श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री विजयचन्द्र गौतम, श्री सतीश उर्मलिया, श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक ग्रेड-3 तथा जेल स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, उनके अधिकार, अपीलीय अधिकार, जमानत के अधिकार, प्ली बार्गेनिंग तथा सालसा की योजना की जानकारी दी गई। बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई। उक्त विशेष चिकित्सकीय परीक्षण शिविर में महिला एवं पुरुष बंदियों का एच.आई.वी., कैंसर, टी.बी. तथा अन्य बीमारी के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जाँच की जाकर बंदियों को दवा उपलब्ध कराई गई।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 से 24 दिसंबर तक

**सीपी ग्राम में दर्ज शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

सीधी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार ''सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलाया जाएगा। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। अभियान के तहत विशेष कैंप आयोजित किए जाऐंगे, जिनमें केंद्र और राज्य सरकार की



विभिन्न योजनाओं और सेवाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि अभियान में सीपी ग्राम में दर्ज शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई के प्रकरणों के निराकरण, हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने से संबंधित शिकायतों के निराकरण को शामिल किया गया है। साथ ही सुशासन से जुड़े लोक सेवा गारंटी अधिनियम, समाधान एक दिन, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल तथा अन्य ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने और निराकरण के प्रयासों को भी इसमें शामिल किया गया है। कलेक्टर ने अभियान के दौरान सीपी ग्राम की सभी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। सभी जिला स्तरीय अधिकारी अभियान के दौरान क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। जनसुनवाई, लोक सेवा गारंटी अधिनियम तथा समाधान एक दिन में भी निराकृत प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज करें। विभागीय योजनाओं और सेवाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानी भी पोर्टल पर दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों से प्रतिदिन कई हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविरों में लाभान्वितों की भी जानकारी इसमें शामिल करें। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान का पूरी तत्परता एवं गंभीरता के साथ क्रियान्वयन किया जाए। अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कराएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक, चुरहट शैलेश द्विवेदी तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### महाराष्ट्र में मंत्रियों का शपथ ग्रहण, चुनौतियों के बीच राह

विशाल बहुमत से शानदार जीत दर्ज करने के बावजूद महाराष्ट्र की महायुति सरकार जिस धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है, उसे सतर्कता कहा जाए या बहुमत का बोझ, यह तय करना फिलहाल मुश्किल है। वैसे मौजूदा सरकार के स्वरूप पर गौर करें तो यह स्थिति ज्यादा अस्वाभाविक नहीं लगती। भले ही शिवसेना और एनसीपी से अलग हुए धड़ों के साथ भाजपा की सरकार करीब ढाई साल कामयाबी से चली। फिर चुनाव में राज्य के वोटरों ने भी इस अलायंस पर सहमति की मुहर लगा दी। लेकिन इस जीत के बाद महायुति के आंतरिक समीकरण में बुनियादी अंतर आ गया है। विधायकों की संख्या चाहे कम ज्यादा रही हो, पहले एकनाथ शिंदे इसके सर्वमान्य नेता थे। अब सबसे बड़ी पार्टी का नेता होने के बावजूद इस सत्तारूढ़ गठबंधन के अंदर देवेंद्र फडणवीस की सहज सर्वोच्चता स्थापित होने में थोड़ा वक्त लग सकता है। शायद यही वजह है कि शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे के लिए इस गठबंधन में अपनी दूसरे नंबर की हैसियत को पचाना और अपने समर्थकों से स्वीकार कराना मुश्किल हो रहा है। उपमुख्यमंत्री पद के लिए वह जैसे-तैसे राजी हुए तो मंत्रियों की कम संख्या का सवाल आड़े आया और अब विभागों के बंटवारे को लेकर आखिरी पलों तक रस्साकशी होनी है। तीनों पार्टियों में चल रही इस असामान्य रस्साकशी का एक रूप कहिए या विधायकों की बढ़ी हुई संख्या का दबाव, शायद पहली बार महाराष्ट्र में मंत्रियों के लिए ढाई साल के कार्यकाल का फॉर्मुला सामने लाया गया। राजनीतिक मजबूरियों के बीच रास्ता निकालने की कला के तौर पर निश्चित रूप से यह अच्छा कदम है। हो सकता है इससे मंत्रियों पर बेहतर काम करने का दबाव भी रहे। लेकिन संसदीय लोकतंत्र में मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत के तहत काम करता है। ऐसे में सार्वजनिक तौर पर मंत्रियों को नाकाम करार दिए जाने को लेकर यह खुलापन भी सवालों से परे नहीं है।बहरहाल, लोकतंत्र नई चुनौतियों के नए हल निकालते हुए ही आगे बढ़ता है। ऐसे में महाराष्ट्र की नई सरकार को लेकर भी अभी से फैसले सुनाना सही नहीं होगा। तमाम राजनीतिक मजबूरियों के बीच भी फडणवीस सरकार को स्थिरता और कामकाज की दो सबसे बड़ी कसौटियों पर ही खुद को साबित करना है और भूलना नहीं चाहिए कि महाराष्ट्र ने उस पर अपनी उम्मीदें टिका रखी हैं।

**संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।**

# अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

(उमेश चतुर्वेदी)

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी।

संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं।

उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए।

लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं।



ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि 'मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू' की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है।

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा।

ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी

काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है।

वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी। इसके अगले यानी 2009 के चुनाव में भी यूपीए को दूसरी बार जीत मिली। तब भी ईवीएम पर कम से कम कांग्रेस की ओर से सवाल नहीं उठा। तब लालकृष्ण आडवाणी खेमे की ओर से ईवीएम पर सवाल उठा तो उसे सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके बाद आडवाणी के लोगों ने उसे तूल नहीं दिया। लेकिन 2014 के बाद से लगातार ईवीएम पर कांग्रेस की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि कांग्रेस भी जानती है कि ईवीएम में दोष नहीं है, उसकी नीतियों में ही कमी है, जिसकी वजह से वोटर उसे स्वीकार नहीं कर पा रहा है।

ऑफ द रिकॉर्ड अगर कांग्रेसी नेताओं से बात होती है तो वे मानते हैं कि किसान कानून और ईवीएम का विरोध दरअसल उसके लिए बचाव के मुद्दे हैं। कांग्रेस इन मुद्दों के जरिए अपनी नाकामियां छिपाती रहती है। उदाहरण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के हालिया बयान को लेकर उनके खिलाफ कपिल सिब्बल की अगुआई में महाभियोग चलाना कुछ-कुछ वैसा ही मामला होने जा रहा है, जैसा 1986 में शाहबानो को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद से नया कानून बना दिया गया था। बहुसंख्यक सोच जबकि इसके खिलाफ थी, कुछ इसी तरह शेखर यादव के बयान को

लेकर महाभियोग चलाने के फैसले से बहुसंख्यक वोट बैंक सहमत नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को लेकर बहुसंख्यक समाज में विरोध के सुर भले ही खुले तौर पर ना उठें, लेकिन चुनावी मैदान में इसे लेकर बहुसंख्यक वोट बैंक अपना गुस्सा निकाल सकता है। फिर भी कांग्रेस अपनी हार के लिए अपने रूख को लेकर सवाल नहीं उठाएगी, अपने भीतर झांकने की कोशिश नहीं करेगी,बल्कि वह ईवीएम को ही बहाना बनाएगी।

बहरहाल उमर अब्दुल्ला के बयान के बाद कांग्रेस को सबक सीखना होगा। उसे स्वीकार करना होगा कि उसकी बेतुकी बयानबाजी पर सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, उसके साथियों को भी एतराज है। उसे यह भी स्वीकार करना होगा कि अगर उसने नीतियां नहीं बदलीं तो उसके नेतृत्व को लेकर विपक्षी गठबंधन में भरोसा कायम नहीं रह पाएगा। जिसका असर आने वाले दिनों में होने जा रहे दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों में दिख सकता है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# बदलाव के रिश्तों की खुशबू से बचेगी संस्कृति

(नमिता जोशी)

**अब जब वह हाथी पहलवान बनकर तगड़ा हो गया, तब भी पतली सी रस्सी में बंधा रहता क्योंकि उसके हार्डवेयर में 'ट्राई मत करो' इनस्टॉल हो चुका था। अब इसी हाथी को सास-बहू के रिश्ते पर एप्पल 4 कीजिए। बहू घर आएगी तो सबसे पहले 'परंपरा और संस्कृति' की मोटी जंजीरें उसके गले में लटका दी जाएंगी- बेटा, घर की इज्जत मायके नहीं ले जानी! यहां की बात बाहर मत करना, हमारे खानदान की बहुएं जींस नहीं पहनती हैं। नौकरी? हमारी बहुएं नौकरी नहीं करतीं।**

कहानी शुरू होती है एक हाथी और उसकी इतरा थिन रस्सी से। जब हाथी छोटा था, उसे मोटी जंजीरों में बांधा गया। बेचारे ने बड़ी कोशिश की, लेकिन हर बार हार माननी पड़ी। धीरे-धीरे उसके दिमाग में ठूंस दिया गया कि 'भैया, तुमसे ना हो पाएगा!' अब जब वह हाथी पहलवान बनकर तगड़ा हो गया, तब भी पतली सी रस्सी में बंधा रहता क्योंकि उसके हार्डवेयर में 'ट्राई मत करो' इनस्टॉल हो चुका था। अब इसी हाथी को सास-बहू के रिश्ते पर एप्पल 4 कीजिए। बहू घर आएगी तो सबसे पहले 'परंपरा और संस्कृति' की मोटी जंजीरें उसके गले में लटका दी जाएंगी- बेटा, घर की इज्जत मायके नहीं ले जानी! यहां की बात बाहर मत करना, हमारे खानदान की बहुएं जींस नहीं पहनती हैं। नौकरी? हमारी बहुएं नौकरी नहीं करतीं। तुम्हारी कमाई थोड़े ही खाएंगे! पति ने मारा है तो क्या, प्यार भी तो करता है। थोड़ा एडजस्ट करो बेटा, यही हमारी परंपरा है!

### मेंटल रोप की जकड़न

ये सारे तर्क और लेक्चर उस बहू के मैंटल हार्डवेयर में इंस्टॉल कर दिए जाते हैं। फिर जब वह बार-बार अपनी रस्सी तोड़ने की कोशिश करती है- शिक्षा, आत्मनिर्भरता, और सम्मान के लिए आवाज उठाती है- तो समाज उसे ही गलत ठहराता है। धीरे-धीरे वह पतली सी मेन्टल रोप से बंध जाती है, जिसका नाम है 'यह हमारी परंपरा है!'

### कर्म और परिवर्तन

अब जरा गीता और वेदांत को बुलाइए, क्योंकि ये हमेशा कर्म और परिवर्तन की बात करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।

तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति॥

(अध्याय 4, श्लोक 38)

इसका अर्थ यही है कि संसार में ज्ञान के समान पवित्र करने वाला और कुछ भी नहीं है। समय के साथ, व्यक्ति जब सही मार्ग पर चलता है तो ज्ञान उसे अज्ञानता से मुक्त करता है। गीता कहती है, अज्ञानता की बेड़ियों को तोड़ो। अगर सास-बहू का रिश्ता रूढ़ियों और झूठी परंपराओं में उलझा है तो इसे ज्ञान के प्रकाश से ही सुधारा जा सकता है।

### नकली रिश्ते क्यों ढोएं

कृष्ण कहते हैं कि बदलाव और ज्ञान ही जीवन की असली कुंजी है। तो जब भगवान श्रीकृष्ण खुद कह रहे हैं कि ज्ञान के आने पर पुरानी जंजीरों को तोड़ो, तो फिर ये क्वालिटी कंट्रोल में फंसी परंपराएं क्यों हमें रोक रही हैं? क्यों हम बहुओं पर थोपी गई उम्मीदों के इस नकली रिश्ते को ढोए जा रहे हैं?

### विकास की राह का रोड़ा

वेदांत भी कहता है कि समाज और संस्कृति को समय के साथ बदलना चाहिए। अगर कोई परंपरा व्यक्ति या समाज के विकास में बाधा डालती है, तो उसे बदलना ही चाहिए। सास-बहू के रिश्ते की ये खींचतान, जब संस्कृति और परंपरा के नाम पर सही ठहराई जाती है, तो यह विकास के रास्ते में रोड़ा बन जाती है।

### क्या कहती है आधुनिकता

अब थोड़ा आधुनिकता लाते हैं और इतिहासकार युवाल नोआ हरारी की बात करते हैं। अपनी मशहूर किताब -सेपिंस' में हरारी लिखते हैं कि यानी संस्कृति कभी स्थिर नहीं होती। यह हमेशा बदलती है। जब समाज नए विचारों, तकनीकों और विचारधाराओं को अपनाता है तो पुरानी परंपराएं या तो खत्म हो जाती हैं या फिर नए सांचे में ढल जाती हैं। हरारी का कहना है कि बदलाव के बिना संस्कृति डायनासोर बन जाती है। हरारी के अनुसार, मानव सभ्यता ने मिथकों और कहानियों के सहारे अपनी संस्कृति का निर्माण किया।

### काल्पनिक हकीकत

समाज और परंपराएं भी इमेजिंड रिलेटिस पर आधारित होती हैं। जैसे धर्म, राष्ट्र और सामाजिक संरचनाएं। समय के साथ जब ये कल्पित वास्तविकताएं पुरानी हो जाती हैं या समाज के लिए बाधा बनने लगती हैं, तो नए मिथक और नए विचार जन्म लेते हैं। सास-बहू का रिश्ता भी इसी इवोलूशन का हिस्सा है। पुरानी सासें, बहुओं को बेटियां बनाने की जगह 'घर की इज्जत का पहरेदार' बना रही हैं, वहीं कुछ तबकों में नई सासें ऐसी भी हैं जो बहुओं के साथ नेटफिली एण्ड चिल कर रही हैं।

### गर्म चाय वाली गॉसिप

अब सोचिए, जिन सास-बहू रियलिटी शो वाले घरों में हर सुबह खींचतान हो रही है, वो आखिर किसकी जीत है? थोपी हुई उम्मीदों वाले इस तरह के सास बहू के नकली रिश्ते में अगर बहुएं हाथी की तरह बैठी रहेंगी तो (संस्कृति के गिद्ध) यही कहेंगे यह तो हमारी महान परंपरा है! हालांकि राहत की बात यह है कि समय बदल रहा है, और सास भी! अब कुछ घरों में सास-बहू के बीच कोल्ड वॉर की जगह 'गर्म चाय वाली गॉसिप' ने ले ली है। कई सासें बहुओं को बेटियों की तरह मान रही हैं और बहुएं भी सासों के साथ बेस्ट फ्रेंड की तरह बातें शेयर कर रही हैं। आखिरकार, जब दोनों तरफ से कर्मयोग और समझदारी का सूरज निकलेगा, तब रिश्ते की पतली रस्सी टूटेगी और वह मजबूत दोस्ती की डोर बनेगी।

### बदलाव की गीता

संस्कृति का मतलब जड़ों से जुड़े रहना है, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं कि उन जड़ों को काटने वाली सड़ी-गली परंपराओं को ढोया जाए। गीता कहती है। बदलाव आवश्यक है। वेदांत कहता है - पुरानी बेड़ियों को छोड़ो। हरारी कहते हैं - परंपरा को रि इमेजिंग करो तो हम और आप किन परंपराओं से जकड़े रहना चाहते हैं? अब आपको तय करना है कि आप हाथी बनकर रस्सी से बंधे रहेंगे या फिर बदलाव की गीता गाएंगे। सास और बहू के बीच खींचतान को संस्कृति का नाम देने वाले कल्चर वेल्यूटर्स को एक चाय पिलाइए और कहिए - संस्कृति आपकी बातों से नहीं, हमारे रिश्तों की खुशबू से जिंदा रहेगी! बदलाव संस्कृति की आत्मा है। सास-बहू के रिश्ते को बेटलफेल्ड नहीं बालीवुड मूवी बनाइए! ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5586

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | | 20 |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | ■ | ■ | 24 | | |

संकेतः बाएं से दाएं

1. थाईलैंड में रामायण का यह थाई वर्जन है जो इस नाम से जाना जाता है (4)
4. लावा का ठंडा होकर ठोस टुकड़ों में बदलने की क्रिया यह कहलाती है (3)
7. आक्रमण, चढ़ाई, वार करने की क्रिया या भाव (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (3)
9. जल नितल, तलवा, निम्न भाग (2)
10. अज्ञान अधिकार, तमोगुण, भीष्म साहनी का एक चर्चित उपन्यास (3)
12. शास्त्रीय संगीत में पंचव स्वर (1)
13. मवेशी, ढोर, पशु (4)
15. उन्नति या वैभव के दिन, बढ़ती का समय, अभ्युदय काल (2)
17. शरीर के संवेदी अंगों में से एक, नासिका (2)
18. रस्म, प्रथा, रिवाज, नियम (3)
19. इधर-उधर, कोने-कोन में (5)
21. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
23. लिपिक, लिखने वाला, लेखक (3)
24. युवावस्था, तारूण्य (3)

ऊपर से नीचे

1. वर्तमान दौर यह शहर मूलतः, इंदौर का निवासी है (6)
2. कोई गूढ़ बात, माजरा, मुकदमा (3)
3. दुर्ग, कोटा, फोर्ट (2)
4. राजा या देवता के बैठने का आसन (4)
5. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
6. कुछ लाल या सुर्खी लिए हुए (4)
11. मनोरंजन करना, आमोद-प्रमोद करना (5)
14. मौजूदगी, विद्यमानता (3)
16. रति के पति होने के कारण कामदेव का एक नाम, मदन, मनोज (4)
17. ध्वनि करना, बजाना, घनकना (3)
20. सितार की तरह का एक वाद्य (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (2)

### वर्ग पहेली 5585 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | म्यू | क | ल्पी | र | ■ | सं | ग |
| वं | ■ | म | ■ | सा | म | वे | द |
| त | स्वी | र | ■ | य | ■ | द | र |
| ■ | ह | ■ | अ | न | म | ना | ■ |
| अ | न | ब | न | ■ | हे | ■ | सु |
| फ | ■ | ल | व | कु | श | ■ | न |
| सो | म | वा | र | ■ | ■ | मा | सा |
| स | ■ | न | त | ■ | पा | ल | न |

# सेब खाने से भयंकर हो सकती हैं 2 बीमारी

## पेट पर करता है सीधा अटैक, अंदर ही अंदर होता रहता है नुकसान

(सुरेंद्र अग्रवाल)

सेब बहुत ही गुणकारी फल है, जिसे रोज खाना चाहिए। यह कई सारी बीमारियों को दूर रखता है। लेकिन दो तरह के लोगों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। यह उनकी समस्या को बढ़ा सकता है। साथ ही जानते हैं कि सेब खाने का सही तरीका क्या है?

बचपन से बताया गया है कि रोजाना एक सेब खाने से डॉक्टर दूर रहता है। लेकिन सेब को खाना कुछ लोगों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यह 2 बीमारियों को गंभीर बना सकता है, जिसका सीधा प्रभाव पेट पर पड़ता है। दोनों बीमारियां पेट से जुड़ी हुई हैं।

सेब के अंदर फ्रुक्टोज होता है, जो आईबीएस और फ्रुक्टोज इनटॉलरेंस बीमारी में अच्छा नहीं माना जाता है। इन दोनों स्थितियों में फ्रुक्टोज वाले फूड्स को खाने से मना किया जाता है। वरना मरीज को कई सारी पेट से जुड़ी समस्याएं झेलनी पड़ सकती हैं।

जॉन हापकिन्स के मुताबिक सेब जैसे हाई फ्रुक्टोज फूड्स को आईबीएस में खाने से तकलीफ बढ़ सकती है। इस समस्या में बॉवल मूवमेंट में बदलाव आ जाता है। साथ ही सेब के अंदर एफओडीएमएपी होता है, जो एक तरह का फाइबर है। यह भी आईबीएस को गंभीर बनाता है।

### फ्रुक्टोज इनटॉलरेंस?

?फ्रुक्टोज इनटॉलरेंस एक डायजेस्टिव डिसऑर्डर है। इसमें शरीर फ्रुक्टोज को ढंग से पचा नहीं पाता है। फ्रुक्टोज आमतौर पर फलों के अंदर नेचुरल होता है। यह स्थिति बड़ों से बच्चों को जन्मजात भी मिल सकती है।

### ये लक्षण कर सकते हैं परेशान

पेट दर्द और क्रैम्प
कब्ज
डायरिया
गैस और पेट फूलना
थकान
नींद न आना
एंग्जायटी व डिप्रेशन

### सेब खाने का सही तरीका

अक्सर लोग सेब को सीधा खाना पसंद करते हैं। मगर इस तरह उसके बीच का काफी गुदा बिना खाए रह जाता है और फेंक दिया जाता है। इस तरह सेब के अंदर मौजूद प्रमुख गुण बेकार चले जाते हैं। जो कि इसके बीच में होते हैं। सेब को काटकर केवल उसके बीज निकालकर खाने की आदत डालें। इसे बीच से ज्यादा न काटें।

### सेब से मिलने वाले पोषक तत्व

विटामिन सी
पोटैशियम
कैटेचिन
क्लोरोजेनिक एसिड
क्विरसेटिन
फाइबर
हेल्दी कार्ब्स
प्रोटीन
नेचुरल शुगर

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस में आपके प्रदर्शन को देखकर कुछ लोगों का मूड खराब हो सकता है। आपसे कुछ लोगों को चिढ़ हो सकती है। दिन परोपकार में व्यतीत होगा और आपको दूसरों की मदद करने से खुशी होगी।

### वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा और परिजनों के साथ आपका अच्छा वक्त बीतेगा। आपको कहीं से कोई दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

### तुला

आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं और आपके लिए आय के नए स्रोत बन रहे हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपको वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होने से आपकी तरक्की होगी। आपके धन सम्मान और यश कीर्ति में वृद्धि होगी। आपका रुका कार्य पूर्ण होगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### मिथुन

आज दिन शुभ है और आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की तरफ से कोई शुभ समाचार की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। शाम से लेकर रात तक आपकी काफी व्यस्तता बनी रहेगी और

### कर्क

आज लाभ होगा और आपको अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से खुशी का अनुभव होगा। आपके कोष में वृद्धि होगी और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। कोष की स्थिति बेहतर होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और गृहोपयोगी वस्तुओं पर आपका धन काफी खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आपको अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव मिल सकता है।

### मकर

आज करियर के मामले में दिन शुभ है। आपके मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। आपके व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

### सिंह

आज दिन शुभ है और आपको हर कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। संतान के प्रति आपके दायित्व की पूर्ति होगी और आप काफी तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा।

शाम से लेकर रात तक परिवार के लोगों का सहयोग आपको प्राप्त होगा।

### कन्या

आज दिन सफलता से भरा रहेगा और आपका भाग्य साथ दे रहा है। आपको वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्य पर धन व्यय करने से खुशी होगी। आपके सभी जरूरी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### कुंभ

आज दिन काफी खर्च वाला रहेगा। आपको फालतू खर्च काफी करना पड़ सकता है। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

### मीन

आज जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आपको किसी मामले में पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। आपका दिमाग भी रिलैक्स होगा। माता-पिता की सलाह-आशीर्वाद उपयोगी सिद्ध होगी।

# स्मृति मंधाना ने 1434 रन जड़कर मचाई खलबली



वर्ल्ड क्रिकेट में ठोका बड़ा दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जैसे भारत के मेंस क्रिकेट में विराट कोहली हैं. वैसे ही महिलाओं की क्रिकेट में स्मृति मंधाना हैं. कमाल की बात ये है कि दोनों की जर्सी का नंबर भी 18 है. हालांकि, इस साल फॉर्म के मामले में मंधाना, विराट से काफी आगे रही हैं. मंधाना के फॉर्म का ताजा उदाहरण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में किया उनका धमाका है. लेकिन, हम यहां मंधाना की सिर्फ उस एक इनिंग की बात नहीं करेंगे बल्कि उनके बल्ले से अब तक निकले उस पूरे 1434 रन की बात करेंगे, जिसके बाद खलबली मची है. और, जिसने मंधाना को एक बड़ी उपलब्धि को हासिल करने का टॉप कंटेंडर बना दिया है.

स्मृति मंधाना ने जड़े 1434 रन!

अब सवाल है कि स्मृति मंधाना ने 1434 रन जड़े कैसे? तो इन 1434 रनों का कनेक्शन इस साल उनके बल्ले से निकले टोटल रन से है. क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर स्मृति मंधाना ने इस साल 1434 रन जड़े हैं. रनों के इसी करिश्माई आंकड़े के चलते स्मृति वर्ल्ड क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि को पाने की टॉप कंटेंडर भी बन चुकी है. ये बड़ी उपलब्धि आईसीसी वुमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड है, जिसकी वो हकदार हो सकती हैं.

## तीनों फॉर्मेट मिलाकर ठोके अब तक 1434 रन, 5 शतक

स्मृति मंधाना ने साल 2024 में वनडे क्रिकेट में अब तक 59.90 की औसत से 599 रन बनाए हैं. वहीं टी-20 में उनके इस साल अब तक 40.4 की औसत से 686 रन हैं. जबकि टेस्ट में 149 की औसत से मंधाना ने 149 रन बनाए हैं. इस साल अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में मंधाना ने 5 शतक और 8 अर्धशतक जड़े हैं. स्मृति मंधाना की आईसीसी की रैंकिंग में तो धाक पहले से है, जहां वो वनडे और टी20 में टॉप 3 में मौजूद पहली खिलाड़ी हैं. इस पूरे साल क्रिकेट की पिच पर भी उनका जलवा दिखा है. आंकड़े उसकी कहानी भी कह रहे हैं. यही वजह है कि मंधाना को आईसीसी वुमन क्रिकेट ऑफ द ईयर के कंटेंडर के तौर पर देखा जा रहा है.

## मंधाना बना सकती हैं वर्ल्ड रिकॉर्ड

स्मृति मंधाना वेस्टइंडीज के खिलाफ बैक टू बैक फिफ्टी जड़ चुकी हैं. पहले टी-20 में उन्होंने 54 रन जबकि दूसरे में 62 रन बनाए. अब अगर वो तीसरे टी-20 में भी अर्धशतक जड़ती हैं तो अपने करियर में 30वीं बार ऐसा करते हुए सूजी बेट्स से आगे निकल जाएंगी और सबसे ज्यादा टी-20 अर्धशतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना देंगी.

# अपने आप टीम छोड़ देंगे रोहित, गावस्कर ने हिटमैन के करियर पर ये क्या कह दिया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा मैच गाबा में खेला जा रहा है. इस सीरीज में अब तक भारतीय टीम के कई खिलाड़ियों की खराब फॉर्म सामने आ चुकी है. विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ी सस्ते में आउट हो रहे हैं. क्रिकेट के दिग्गजों के अलावा आलोचक भी इन खिलाड़ियों की फॉर्म पर सवाल उठा रहे हैं. हाल ही में रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और टीम इंडिया की हार को देखते हुए उनकी कप्तानी पर भी सवाल उठ रहे हैं. सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं.

## रोहित शर्मा की कप्तानी पर उठे सवाल

रोहित शर्मा इन दिनों टेस्ट क्रिकेट में अपनी फॉर्म को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं. दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने हाल ही में कहा था कि अगर रोहित मेलबर्न और सिडनी में होने वाले अगले दो टेस्ट मैचों में रन बनाने में नाकाम रहते हैं तो वह खुद टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला कर सकते हैं.

सुनील गावस्कर ने मंगलवार को बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि रोहित को अगले दो मैचों में खेलने का मौका मिलेगा. लेकिन अगर वह रन नहीं बना पाए, तो मुझे विश्वास है कि वह खुद ही कप्तानी छोड़ देंगे. वह भारतीय क्रिकेट के लिए बेहद समर्पित हैं और टीम पर बोझ नहीं बनना चाहेंगे.

## पुजारा-कार्तिक ने दिए अहम सुझाव

बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि रोहित की समस्या स्टंप लाइन पर गेंदों से जुड़ी है. उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, स्टंप लाइन की गेंदें उन्हें बार-बार परेशान कर रही हैं. वह लगातार एलबीडब्ल्यू और बोल्ड हो रहे हैं, जो उनके लिए बड़ी चुनौती बन गई है. वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का कहना है कि रोहित की गिरती फॉर्म का कारण उनकी आत्मविश्वास की कमी हो सकती है. कार्तिक ने बातचीत में कहा, रोहित शर्मा 17 साल से इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं. उनकी तकनीक पर सवाल उठाना गलत होगा. हालांकि, उन्हें इस समय आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए खुद को साबित करना होगा.

# चंडीगढ़ के अयान गुप्ता रहे बेस्ट गोल्फर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** 123वीं आईजीयू ऑल इंडिया गोल्फ चैम्पियनशिप में चंडीगढ़ के अयान गुप्ता बेस्ट गोल्फर रहे। इंडियन ऑयल कारपोरेशन से स्पॉन्सर्ड अयान ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। चंडीगढ़ गोल्फ टूर्नामेंट में वे सेमीफाइनल तक पहुंचे और करीबी मुकाबले में उन्हें हार झेलनी पड़ी।

अयान ने लगातार दो मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसमें टॉप-8 गोल्फर्स खेल रहे थे। सेमीफाइनल में वरुण मुथप्पा को उन्होंने कड़ी चुनौती दी। 18 होल तक अपना बेस्ट करने के बाद उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई। यहां करीबी अंतर से उन्हें 19वें होल पर हार का सामना करना पड़ा। वे अंत तक लड़ते रहे, लेकिन 1 अप शॉट की वजह से उन्हें बाहर होना पड़ा। इसके बाद भी उन्होंने बेस्ट सिटी गोल्फर का टैग अपने नाम कर लिया। वे 88 गोल्फर्स के बीच टॉप-5 में शामिल रहे।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भयंकर बदलाव, हैरी ब्रूक की कुर्सी छिनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने एक बार फिर से नई रैंकिंग जारी कर दी है। आज ही भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला खत्म हुआ है। इसके बाद ही आईसीसी ने नई रैंकिंग जारी कर दी है।



हालांकि ये मैच चुंकि आज तक चला है, इसलिए उसके आंकडे रैंकिंग में नहीं जोड़े गए हैं। इसके बाद भी नई रैंकिंग में कई सारे फेरबदल हो गए हैं।

खास तौर पर नंबर वन की कुर्सी में फिर से बदलाव हो गया है। हैरी ब्रूक इससे पहले नंबर एक बल्लेबाज थे, लेकिन अब वे नीचे आ गए हैं। जो रूट ने फिर से नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है।

# गाबा टेस्ट ड्रॉ पर छूटा बारिश बनी विलेन...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हो गया. ब्रिस्बेन के गाबा में आज (18 दिसंबर) मैच का आखिरी और पांचवां दिन था. मैच पहले खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण रोका गया. इसके बाद इस मुकाबले को दोनों कप्तानों की रजामंदी से ड्रॉ करने का फैसला किया गया. जब मैच रुका तो यशस्वी जायसवाल (4) और केएल राहुल (4) क्रीज पर थे. वहीं भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 8/0 का स्कोर बना लिया था. ट्रेविस हेड को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया, उन्होंने पहली पारी में शानदार 151 रन जड़े थे. 5 मैचों की यह सीरीज 1-1 से बराबरी पर है. सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर (बॉक्सिंग-डे टेस्ट) से मेलबर्न में खेला जाएगा.

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 89/7 पर घोषित की. इस तरह भारत के सामने 275 रनों का टारगेट मिला, जो उसे 54 ओवर्स में कंपलीट करना था.भारतीय टीम पहली पारी में 260 रनों पर ऑलआउट हो गई.

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे.ङ्खत्रञ्ज सीरीज के पर्थ में हुए पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने 295 रनों से जीत दर्ज की, वहीं एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी.

देखा जाए तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन गाबा के मैदान पर इससे पहले सात टेस्ट खेले गए थे. इस दौरान भारतीय टीम को 5 मुकाबलों में हार मिली और एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा. गाबा में भारतीय टीम को इकलौती टेस्ट जीत जनवरी 2021 में मिली थी. तब उसने अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया था.

# गाबा में रविचंद्रन अश्विन ने किया संन्यास का ऐलान, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच लौटेंगे घर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार (18 दिसंबर) को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करके चौंका दिया। 14 साल के करियर में भारत के इस दिग्गज स्पिनर ने 537 विकेट लिए। वह टेस्ट में भारत के लिए दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन विराट कोहली को रविचंद्रन अश्विन से गले मिलते देखा गया। इसके बाद अश्विन के संन्यास के कयास लगाए जाने लगे। टेस्ट मैच ड्रॉ होने के बाद वह कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस क्रॉन्फ्रेंस में पहुंचे और संन्यास की पुष्टि कर दी। रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि अश्विन टीम के साथ नहीं रुकेंगे। अश्विन ने 14 साल के शानदार करियर का अंत किया और 106 टेस्ट में 537 विकेट लेकर भारत के दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। 38 वर्षीय अश्विन ने 37 बार टेस्ट में पांच विकेट लिए। वह इस मामले में मुथैया मुरलीधरन (67) के बाद दूसरे नंबर पर रहे। 2011 और 2013 में भारत की वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीत का हिस्सा रहे। तमिलनाडु के स्पिनर ने सभी प्रारूपों में कुल मिलाकर 765 विकेट हासिल किए, जो अनिल कुंबले के 956 विकेटों के बाद दूसरे सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर 11वें सबसे ज्यादा विकेट हैं।



## 100 डब्ल्यूटीसी विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

अश्विन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 3 साइकल के दौरान अपना दबदबा दिखाया। अश्विन 100 डब्ल्यूटीसी विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं और वर्तमान में 41 मैचों में 195 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन (190) हैं। अश्विन ने गेंदबाजी के अलावा बल्ले से भी योगदान दिया।



# गूगल भी हुआ बुमराह का फैन, किया ट्विट- मैं केवल जस्सी भाई पर विश्वास करता हूं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का चौथा दिन टीम इंडिया के लिए दृढ़ संघर्ष का दिन था। भारतीय गेंदबाज जसप्रित बुमरा और आकाश दीप ने ब्रिस्बेन टेस्ट के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक बार फिर से बल्लेबाजी करने के लिए फॉलोऑन न देकर संभावित और शर्मनाक पारी की हार को टाल दिया। फॉलो-ऑन और संभावित पारी की हार से बचने की चुनौती के साथ, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों के साथ-साथ बुमराह और आकाश दीप के बीच साझेदारी ने भारत को चौथे दिन का अंत 252/9 पर करने में मदद की। महत्वपूर्ण पारियों ने भारत को टेस्ट में लड़ने का मौका दिया, जो अब तक लगातार बारिश से प्रभावित रहा है।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 76 रन देकर छह विकेट लेने के बाद भारतीय क्रिकेट प्रशंसक बुमराह के महत्वपूर्ण रनों का शुक्रिया अदा नहीं कर सके। आभार में शामिल होते हुए त्रश्श्द्दद्यद्ग ढ्ढठ्ठस्रद्बड्ड ने भी बुमराह के लिए एक प्रशंसा पोस्ट साझा की, जिसे प्यार से जस्सी भाई कहा जाता है।

# डोपिंग में फेल होने के बाद चेल्सी के फॉरवर्ड माइखाइलो मुडरीक पर लगा सस्पेंशन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चेल्सी के फॉरवर्ड माइखाइलो मुडरीक को डोपिंग टेस्ट में फेल होने के बाद अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दिया गया है। फुटबॉल एसोसिएशन ने यूरीन टेस्ट के नतीजों के आधार पर क्लब से संपर्क किया था। मुडरीक ने हालांकि डोपिंग से इनकार किया है और उनका कहना है कि वह ऐसे पदार्थों का कभी सेवन नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि वह इस मामले की जांच करेंगे और आगे की प्रक्रिया पर विचार कर रहे हैं। मुडरीक ने अपने बयान में कहा, मैं यह पुष्टि कर सकता हूं कि फुटबॉल एसोसिएशन को दिए गए मेरे सैंपल में एक प्रतिबंधित पदार्थ मिला है। यह मेरे लिए बेहद चौंकाने वाली बात है क्योंकि मैंने कभी जानबूझकर किसी प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन नहीं किया और न ही किसी नियम को तोड़ा। मैं अपनी टीम के साथ मिलकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं कि यह कैसे हुआ। मुझे भरोसा है कि मैंने कुछ गलत नहीं किया है और मैं जल्द से जल्द मैदान पर लौटने की उम्मीद करता हूं। गोपनीयता के चलते मैं अभी ज्यादा कुछ नहीं कह सकता, लेकिन जैसे ही संभव होगा, मैं और जानकारी दूंगा।

मुडरीक के सैंपल में जो पदार्थ मिला है, उसे 'मेल्डोनियम' कहा जा रहा है। यह एक परफॉर्मेंस-बढ़ाने वाली दवा है, जिसे जनवरी 2016 में वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) ने प्रतिबंधित सूची में शामिल किया था। चेल्सी फुटबॉल क्लब ने भी बयान जारी करते हुए कहा, हमें फुटबॉल एसोसिएशन ने हमारे खिलाड़ी मायखाइलो मुद्रिक के एक सामान्य टेस्ट में खराब नतीजे की जानकारी दी है। क्लब और मुडरीक दोनों एफए के टेस्टिंग प्रोग्राम का समर्थन करते हैं। सभी खिलाड़ियों का नियमित रूप से परीक्षण किया जाता है।

मुडरीक ने साफ कहा है कि उन्होंने कभी किसी प्रतिबंधित पदार्थ का जानबूझकर इस्तेमाल नहीं किया। अब क्लब और मायखाइलो मिलकर इस मामले की जांच करेंगे कि ऐसा क्यों हुआ। मुडरीक को जनवरी 2023 में चेल्सी ने लगभग 89 मिलियन पाउंड की बड़ी डील पर साइन किया था। उन्होंने चेल्सी के साथ आठ साल से अधिक का करार किया है, जो जून 2031 तक चलेगा।

हालांकि क्लब में अब तक उनका प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। उन्होंने 73 मैच खेले हैं, जिसमें सिर्फ 10 गोल और 9 असिस्ट किए हैं। ज्ञात हो कि, हाल के समय का सबसे बड़ा डोपिंग केस पॉल पोग्बा का है, जिन्हें टेस्टोस्टेरोन-बढ़ाने वाले पदार्थ के उपयोग पर चार साल के लिए बैन किया गया था।



साउथअफ्रिका वर्सेस पाकिस्तानः

# सईम अयूब ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर बना डाला महारिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में पाकिस्तान की टीम ने मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पहले मुकाबले में 3 विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान को मिली इस जीत में टीम के युवा ओपनर बल्लेबाज सईम अयूब की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। सईम अयूब ने अपनी पारी के दम पर पाकिस्तान की जीत का आधार रखा और इसके दम पर ही टीम को प्रोटियाज पर जीत हासिल हुई।



सईम अयूब ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे प्रारूप में पहला शतक लगाया साथ ही साथ ये क्रिकेट के इस प्रारूप में उनका दूसरा शतक भी रहा। सईम अयूब का वनडे प्रारूप में ये साउथ अफ्रीका के खिलाफ बेस्ट स्कोर भी साबित हुआ साथ ही इस शतकीय पारी के दम पर उन्होंने वनडे प्रारूप में एक महारिकॉर्ड भी अपने नाम पर दर्ज कर लिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सईम अयूब ने पाकिस्तान के लिए ओपन करते हुए 119 गेंदों पर 109 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 3 छक्के और 10 चौके भी लगाए। सईम अयूब ने इस मैच में अपना शतक कगिसो रबाडा की गेंद पर छक्का लगाकर पूरा किया। इस शतकीय पारी के साथ सईम अयूब साउथ अफ्रीका में वनडे प्रारूप में रन चेज करते हुए सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने ये वनडे शतक 22 साल 207 दिन की उम्र में लगाया और यह महारिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया। यही नहीं वो पाकिस्तान की तरफ से भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबके कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बने। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में शतकीय पारी के साथ-साथ सईम अयूब ने 7 ओवर गेंदबाजी करते हुए 34 रन दिए और एक विकेट भी लिया।

आपको बता दें कि पहले वनडे मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता था और फिर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन बनाए।

पाकिस्तान को जीत के लिए 240 रन का टारगेट मिला था और फिर दूसरी पारी में इस टीम ने 49.3 ओवर में 7 विकेट पर 242 रन बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया।

# केन बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई,पेयजल एवं उद्योगों के लिए बढ़ेगी जल उपलब्धता

**पन्ना।** केन बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल उपलब्धता बढ़ेगी। साथ ही लाभान्वित ग्रामों का आर्थिक तथा सामाजिक विकास भी होगा। आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन बेतवा लिंक परियोजना आकार लेने जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 10 जिलों में केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से लगभग 2000 गांव लाभान्वित होंगे। परियोजना अंतर्गत सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल उपलब्धता तथा इससे इन ग्रामों के आर्थिक तथा सामाजिक विकास का आधार बनने पर केन्द्रित जनजागरण के कार्यक्रम भी 25 दिसम्बर तक आयोजित किए जाएंगे।

केन बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन से पन्ना जिले की सात तहसीलों के ग्राम लाभांवित होंगे। परियोजना अंतर्गत पतने ब्यारमा योजना में देवेन्द्रनगर तहसील के ग्राम बरचुआ, सकरिया, सोनई, चौपरा, जमुनहाईकला, उमरझाला, बसई, मुटवाकला, कोढ़नपुरवा, रानीगंजपुरवा, रंजोरपुरवा, गढ़ीपड़रिया, ककरहटी, घटारी,

## लाभान्वित ग्रामों का होगा आर्थिक तथा सामाजिक विकास

मोहनपुरा, देवरी, भगेपुर, मुराछ, रनवाहा, कलवा, पिपरी, कोहनी, गौरा, बख्तरी, रानीपुरा, मखरा, अमचुई, हिनौता, खपटहा, बिरवाही, ऊटन, बमुरहिया, बडौरा, बमुरी, बांधरेमजीसागर, तिघरी, बाला घर, राजापुर, दौवनटोला, गुखौर, रतगवां, बड़वारा, दुबहिया, सुन्दरा, इटवां तिल्हा, फुलदरी, फुलवारी, पिपरिया, भिलसांय, अमसिल, गोल्हीपाठ, गोल्हीगढ़िया, नुनाही, गोल्हीमुढ़िया, जिगदहा, सिमरी दुबे, करहिया, डडबरिया, भटहरमेघा, भटहरजीत, रैगढ़, इटवां मंहगु, गिरवारा, ककरहा, सिलगी, धरमपुरा और पटिया को लाभ मिलेगा। इसी तरह अमानगंज तहसील अंतर्गत पिपरिया खुर्द, इटौरा, हिनौता भेड़, डोभा, पगरा, कांटी, बमुरहा, ककरहाई, अधरखुवां, अमानगंज, सिमरी, मढियाकला, पड़रिया खुर्द, पिपरिया सरकार, बम्हौरी, भैंसवाही, दग्धा, कुदरा, बुधेड़ा, राजापुर, डहर्रा, मुकेहा, करहिया, घटारी, खमरिया, कोट, बिल्हाईरामनगर, बलगहा, बरौंहा, कल्याणपुरा, महुआडाडा, रामपुर, महंगुवां खुर्द, पिपरवाह, जैतुपुरा, भड़ार, कचनारी, तमगढ़, जसवंतपुरा, रतनपुरा, द्वारी, शंकरपुरा, बांधीकला, मकरंदगंज सिमरिया, बरबसपुरा, खजरूट, मधपुरा, धौराखुर्द, धौर्राकला, खलौन, झिराटा, गढ़ीकरहिया, सिमराखुर्द, सिमराकला, सुनवानीकला, भोईपुरा, रैगुवां, उड़ला, सुनवानीखुर्द, सिधौरा, ककरा, ससई, कमताना, हरदुआकेन, देवरा, सोतीपुरा, रंगिया, भटपुरा, बैरगढ़ा, पगरा, धरमपुरा, देवरीपुरोहित, बिल्हा, कुल्हवा, कंचौरा, विक्रमपुरा, ढरौहा, सीरौ एवं सिरी ग्राम शामिल हैं।

गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम कचनारा, बंधौरा, असोनी, पथरहा, बंधूर, मंदहिया, महलरामपुर, लमकुश, ब्यौहारी, करहिया, पतौरा, भटनवारा, छपरवारा, उमरी, हरीरा, पल्हरी, पथराड़ी, सिठौली, झिरिया, धनोखर, सुपन्था, बमुरहिया, भटकुवां, उड़की, सरहंजा, टेढ़ा, श्यामरडांडा, साहपुरा, निवहारी, चांपा, तिदुनहाई, तिघरा बुजुर्ग, करतरिया, मड़ौसा, मगरैला खुर्द, मगरैलाकला, मझियारी, भिटारी, लुका, कठवरिया, माल्हन, तुर्कीताल, सिमरी बहादुर, भमरहा, बछरवारा, मछरहा, उजनेही, सलेहा, भटिया, सेल्हा, नचने, गंगोटा, जमराय, गंज, कटरा, पटनातमोली, रूंध, धरवारा, भगेपुर, कुलगवां मड़ैयन, गुनौर, छिगम्मा, सिली, कचनारा, सुरदहा, ककरहाई, अकौंना, बिलघाड़ी, पड़ेरी, नचनौरा, बिल्हा, लुहरगांव, अमरी, सुगरहा, झुमटा, हीरापुर, गभोरा एवं रामनगर शामिल हैं। सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम कोल करहिया, कुलुवा, देवरी, गनियारी, गूढ़ा, बनमई, महराजगंज, मढली, पगरा, कोनी, सांटाबुद्धसिंह, बोदा, गरलगा, चिखला, सिमरिया, निवारी, लुधनी, रैकरा, रतारू, आमघाट, हरदुआ व्यारमा, ढिमरी, घुटरिया, राजपुर, खजरी, बड़खेरा, सिमरी खुर्द, बनौली, ठिगरी, पगरी, सिंगवारा, रीछी, पड़वार, पगरा, खैरी, टिकरिया, दनवारा, लिदरी, हीरापुर, विरासन, चड़रा, टहनगा, उमरी, तिघरा, करिया, पटनाखुर्द, गुड़मनिया, मनिया, पलोही, मजरा, गोल्ही, पिपरा नारायणपुरा, अतरहाई, बरतला, कुंवरपुर, रमपुरा, पड़रिया, मोहन्द्रा, कोठी, दमुइयां, अधराड़ी, मझगवां पहाड़, बेलडावर एवं कढ़ना शामिल हैं। पवई तहसील अंतर्गत ग्राम सिमराकला, टिकुरी, सिमरा खुर्द, किन्ना, कुम्हारी, रिहटा, पटनाकला, कुड़गवां, महोड़, मिहगवांकला, बड़खेराकला, पिपरिया, बिल्हा, सरसेला, चादनपुर, सिमरी, गणेशगंज, इमलिया, महेड़ा, खम्हरिया, नयागांव, पटोरी, बूढ़ा, रक्सेहा, हथकुरी एवं पिपरिया तिवारी को लाभ मिलेगा।

पन्ना तहसील के ग्राम बडगड़ीकला, भड़ारकुसमानी, तालगांव, कंडवाहा, इटवांकला, लुधगवां, डोभा, मडैयन नयापुरा, बराछ, धनगढ़, अकोला, जरधोवा, कोटा, उमरामन एवं मडैयन लाभांवित होंगे, जबकि रैपुरा तहसील के चन्द्रावल, सिमरीकला, मझगवां मैमार, विजवार, नयाखेड़ा, महराजगंज, आंवरी, ऊंचा, गोरखईगोविन्दपुर, रैयासांटा, टिपारी, नांदन, हरदुआ पटेल, जैतुपुरा, देवरी, खमरिया, भड़पुरा, मिहदुआ, मढ़िया, भजिया, सटवा, रानीपुरा, अर्जुनपुरा, करनपुरा, मोहरा, ककरा, बहिरवारा, चंदना, चंगेरी, छेवलाकला, बारी, मनकी, अमदर गोविन्दपुरा, पटीकला, पटीखुर्द, मझगवां दौवा, मड़वा, बंजरिया, पड़रियाखुर्द, बम्हौरी और पोनिया गांव लाभांवित होंगे।

28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025

# कलेक्टर ने तैयारी बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

## टाउन हॉल में युवा उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 23 दिसम्बर को



**पन्ना।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके पहले जिला, संभाग और राज्य स्तर पर युवा उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें 15 से 29 आयु वर्ग के युवा शामिल हो सकेंगे। जिला स्तर पर युवा उत्सव कार्यक्रम सोमवार, 23 दिसम्बर को पन्ना नगर के टाउन हॉल में होगा। समस्त प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है।

जिला स्तर पर युवा उत्सव के आयोजन के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक हुई। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए आवश्यक विभागीय समन्वय, प्रतिभागियों की सहभागिता और प्रचार-प्रसार के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। कलेक्टर सुरेश कुमार ने युवा उत्सव के लिए जारी निर्देशों के अनुक्रम में समय पर वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम के संचालन एवं निर्णायक मंडल की समिति गठन के निर्देश दिए। उन्होंने युवा उत्सव में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों के अनिवार्य रूप से 21 दिसम्बर तक स्क्रीनिंग कर जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर प्रतिभागियों के परीक्षण का दायित्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को सौंपा गया है। इसी तरह जिले के अग्रणी महाविद्यालय के माध्यम से समस्त महाविद्यालयों के पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन के लिए अनुशंसा सुनिश्चित की जाएगी। निर्धारित आयु वर्ग के अन्य इच्छुक युवाओं के पंजीयन के लिए भी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। पन्ना जिले के मूल निवासी युवा ही युवा उत्सव में शामिल हो सकेंगे। युवा उत्सव के लिए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बैठक में जानकारी दी गई कि युवा उत्सव में जिला स्तर पर 6 विधाओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें विज्ञान मेला (एकल), निर्धारित थीम पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता, कविता लेखन, भाषण, पेंटिंग एवं कहानी लेखन शामिल है। प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर निर्णायकों द्वारा विजेता का चयन किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा सहित नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक अरविन्द सिंह यादव एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में टेक्निकल क्विज आयोजित



पन्ना

भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में गत सोमवार को पैकेजबंद पेयजल विषय पर टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्था में गठित बीआईएस क्लब के सदस्यों के द्वारा पैकेजबंद पेयजल विषय पर प्रदाय किए गए तकनीकी प्रश्नपत्र को हल किया गया। इसके लिए एक घंटे का समय निर्धारित था। अव्वल प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। व्याख्याता एवं मेंटर उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता के लिए जरूरी मार्गदर्शन तथा अतिथि व्याख्याता शिवांगी जैन एवं हरगोविंद कुर्मी ने आवश्यक समन्वय किया। इस दौरान संस्था के राकेश द्विवेदी, हरीश पाठक, देवव्रत चतुर्वेदी, ब्रजेश त्रिपाठी, मूलचंद सिंह एवं समस्त संस्था स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शीत ऋतु में गौवंश के बचाव की सलाह

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा शीत ऋतु में पशुओं एवं गौवंश के बचाव की सलाह जारी की गई है। विभाग के उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी ने जिले के पशुपालकों एवं गौशाला संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि अत्यधिक सर्दी एवं शीतलहर में पशुओं के बीमार होने तथा घटते तापमान के कारण ठण्ड लगने की संभावना बनी रहती है। इसलिए पशुओं को सायं काल से सुबह तक गौशाला में रखकर पर्याप्त चारा भूसा की व्यवस्था करना चाहिए। आवास सूखा एवं सुविधाजनक रखना भी आवश्यक है। पशुओं एवं गौवंश को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क कर उपचार एवं टीकाकरण कार्य कराना चाहिए।

# शीतलहर से फसलों के बचाव के लिए कृषकों को सलाह

पन्ना

किसान कल्याण तथा कृषि विभाग विभाग द्वारा वर्तमान में तापमान में कमी एवं शीतलहर की संभावना के दृष्टिगत फसल बचाव के लिए कृषकों को आवश्यक सलाह जारी की गई है। बताया गया है कि शीतलहर एवं ठंड पौधों की कोशिकाओं को भौतिक रूप से नुकसान पहुंचाती है, जिससे कीट आक्रमण एवं रोग बढ़ने से फसल नुकसान होता है। फसल के अंकुरण व प्रजनन के दौरान शीतलहर से अत्यधिक भौतिक विघटन के साथ फसलों के अंकुरण, वृद्धि, पुष्पण एवं पैदावार पर असर पड़ता है। इससे बचाव के लिए बॉडेक्स मिश्रण या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव करना चाहिए। शीतलहर के बाद फॉस्फोरस एवं पोटेशियम का उपयोग भी करें, जिससे पौधों की जड़ की वृद्धि सक्रिय होने के साथ फसल को ठंड की घात से तेजी से उभरने में मदद मिलेगी।

शीतलहर के दौरान लगातार सतह सिंचाई प्रदान करना चाहिए। पानी की सिंचाई से उत्पन्न विशिष्ट गर्मी पौधों को शीतघात से बचाती है। स्प्रिंकलर सिंचाई से पौधों में शीतघात को कम करने में भी मदद मिलेगी, क्योंकि पानी की बूंदों का संघनन आसपास में गर्मी छोड़ता है। पौधे के मुख्य तने के पास मिट्टी को काली या चमकीली प्लास्टिक सीट के साथ ढकना चाहिए। यह विकिरण अवशोसित कर मिट्टी को ठंडी में भी गर्म बनाए रखता है। प्लास्टिक उपलब्ध न होने की स्थिति में घास फूस या जैविक वस्तुओं से मिट्टी को ढंककर एवं खेत में धुंआ करके भी फसलों को शीतघात से बचाया जा सकता है। शीतलहर से फसल बचाव के लिए सहायक संचालक एवं जिला नोडल अधिकारी उत्तम सिंह बागरी 8878987506 से भी संपर्क किया जा सकता है।

# शिकारियों के फैलाए करंट में फंसे पिता-पुत्र



**सतना।** सभापुर थाना क्षेत्र के सुजावल खुर्द गांव में करंट लगने से पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विजय कुमार पुत्र रामसिया द्विवेदी 45 वर्ष, अपने बेटे सचिन द्विवेदी 17 वर्ष के साथ सोमवार शाम को खेत की तरफ गए थे।

जहां रात करीब 8 बजे बड़े पिता सुंदरलाल द्विवेदी के खेत पर लगा पानी का पाइप बदलते समय जंगली जानवरों के शिकार के लिए जीआई तार बिछाकर दौड़ाए गए करंट में फंसकर झुलस गए।

यह देखकर बेटे ने डंडे से तार को अलग किया, मगर झटका लगने से वह भी घायल हो गया, फिर भी हिम्मत जुटाकर सचिन जख्मी पिता को स्कूटी से घर ले गया, जहां पुलिस ने पहले बिरसिंहपुर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद विजय को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# हत्या की कोशिश के आरोपी का अपहरण, पुलिस ने छुड़ाकर पहुंचाया सलाखों के पीछे



**सतना।** हत्या की कोशिश में नामजद होकर फरार चल रहे स्थायी वारंटी का उसके ही पुराने साथियों ने अपहरण कर लिया, मगर सिटी कोतवाली पुलिस ने तेजी दिखाते हुए न केवल युवक को मुक्त कराया, बल्कि वारंट में गिरफ्तारी कर जेल पहुंचा दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खेरमाई रोड निवासी योगेन्द्र कुशवाहा उर्फ ईशू पुत्र स्वर्गीय संजय कुशवाहा 24 वर्ष के खिलाफ वर्ष 2018 में हत्या की कोशिश का अपराध दर्ज हुआ था, जिसमें जमानत के बाद वह जेल से बाहर था, लेकिन कोर्ट में पेशी नहीं जाने पर स्थायी वारंट जारी कर दिया गया। लिहाजा पुलिस टीम उसकी तलाश में जुट गई।

इसी बीच 16 दिसम्बर की रात को युवक की मां ने थाने पहुंचकर कुछ लोगों के द्वारा बेटे का अपहरण कर लेने की शिकायत दर्ज कराई तो बीएनएस की धारा 140(2) में कायमी कर जांच शुरू कर दी गई।

इसी बीच साइबर सेल और मुखबिर से मिली सूचना पर रेलवे स्टेशन के पास दबिश दी गई तो दो अपहरणकर्ता योगेन्द्र को छोडक़र भाग गए। पुलिस ने युवक को दस्तयाब कर पूछताछ की, जिसमें उसने 307 के मामले में सह आरोपी रहे हनी और मिक्की पर रंजिश के चलते अगवा करने का खुलासा किया।

तब एक टीम आरोपियों की खोज में लग गई, जबकि दूसरी टीम ने स्थायी वारंट की तामीली कर मंगलवार की दोपहर योगेन्द्र को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बस की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**सतना।** नागौद थाना अंतर्गत बीरपुर में तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से चौथी कक्षा की छात्रा की मौत हो गई, जिस पर अपराध दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंजू पुत्री लालता चौधरी 9 वर्ष, निवासी बीरपुर, मंगलवार दोपहर को लगभग 3 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद घर जा रही थी। तभी सतना से ककरहटी जा रही गौतम ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 19 पी 0484 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक तेज रफ्तार में गाड़ी को भगाते हुए बच्ची को चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक गाड़ी छोडक़र भाग निकला तो यात्री भी उतर कर दूर हो गए। खबर लगने पर पोड़ी चौकी प्रभारी दलबल के साथ बीरपुर पहुंचे और छात्रा के शव को मरचुरी भेजने के साथ बस को जब्त कर लिया।

# 90 मिनट में लोकायुक्त ने दो को किया ट्रेप

**सतना।** मंगलवार के दिन मैहर जिले में लोकायुक्त रीवा की धमक से हडक़म्प मच गया। हर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कार्रवाई के डर से सहमे रहे, मगर किसी को पता लगने से पहले ही डेढ़ घंटे के अंदर विशेष दल ने पहले राजस्व विभाग के आरआई और फिर एमपीईबी के प्रभारी जेई को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। सबसे पहले लोकायुक्त दस्ते ने मैहर तहसील कार्यालय में दबिश देकर सीमांकन से जुड़े प्रकरण में राजस्व निरीक्षक आरआई राघवेंद्र सिंह को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा तो 90 मिनट बाद ताला स्थित बिजली कार्यालय में छापा मारकर बिजली चोरी का प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर 30 हजार रुपए की घूंस लेते प्रभारी जूनियर इंजीनियर राकेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे मैहर तहसील कार्यालय में लोकायुक्त की ट्रेप कार्रवाई से हडक़म्प मच गया। अनिल कुशवाहा निवासी ग्राम कुशियारी तहसील मैहर जिला मैहर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त की टीम ने राजस्व निरीक्षक राघवेंद्र सिंह को रंगे हाथ पकड़ा। इस कार्रवाई में भेड़ा के पटवारी अरुण सिंह को भी आरोपी बनाया गया है। लोकायुक्त एसपी ने बताया कि आरआई पटवारी सीमांकन के लिए 50 हजार मांग रहे थे, जिसमें से 25 हजार पहले ले लिए, दो दिन पूर्व भूमि स्वामी ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत की, जिसकी तस्दीक के बाद कार्रवाई की रूपरेखा बनाई गई। तस्दीक में भी आरोपियों ने 5 हजार ले लिए थे, मगर शेष रकम हथियाते पकड़े गए। इस कार्रवाई का नेतृत्व इंस्पेक्टर जिया उल हक ने किया। मैहर जिले में ट्रेप की दूसरी कार्रवाई दोपहर लगभग 1 बजे मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के ताला कार्यालय में आटा चक्की संचालक सुशील कुमार कुशवाहा निवासी ग्राम भडऱा की शिकायत पर हुई। पीडि़त ने लोकायुक्त को दी गई शिकायत में बताया था कि प्रभारी जूनियर इंजीनियर राकेश पटेल बिजली चोरी का प्रकरण बनाने का डर दिखाकर 67 हजार रुपए मांग रहे हैं, जिसकी तस्दीक कर रिश्वत की पहली किश्त में 30 हजार लेते समय प्रभारी जेई को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई डीएसपी प्रमेंद्र कुमार की अगुवाई में की गई।

### इनका कहना है

रिश्वत मांगने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शिकायत आते ही सत्यापन कर कार्रवाई की जाती है। लोकायुक्त रीवा की अलग-अलग टीम ने मंगलवार को मैहर जिले में दो ट्रेप कार्रवाई की है।

**प्रवीण सिंह परिहार, प्रभारी एसपी, लोकायुक्त रीवा**

# प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस के पहुंचने के बाद यातायात हुआ बहाल



**सतना।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को छात्राओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य गेट में तालाबंदी की और वहीं प्रदर्शन पर बैठ गए। घंटों चले इस प्रदर्शन के चलते महाविद्यालय से हॉस्पिटल जाने वाला मार्ग बाधित रहा। इस जाम में मरीज को लेकर आ रही एंबुलेंस भी करीब डेढ़ घंटे फंसी रही। सैकड़ों की संख्या में मौजूद छात्राओं ने पूरा रोड जाम कर रखा था, वहीं कॉलेज में चल रही सीसी परीक्षा में भी छात्राओं को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा था। उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर एसडीएम राहुल सिलाडिया, सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान और शहर के तीनों थानों के टीआई बल सहित मौके पर पहुंच गए।

हाल ही में ऑनलाइन घोषित किए गए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में व्यापक पैमाने पर त्रुटियां सामने आई हैं, जिसकी शिकायत लेकर छात्राएं प्राचार्य और प्राध्यापकों से मिलती हैं तो उन्हें विश्वविद्यालय का रास्ता दिखाया जाता है। एबीवीपी के नगर मंत्री हिमांशु सिंह, जिला संयोजक शिवेन्द्र चतुर्वेदी, नगर सहमंत्री खुशी गुप्ता ने बताया कि रिजल्ट में सुधार कराया जाए, छात्राओं से किए जा रहे अभद्र व्यवहार को बंद किया जाए, मुख्य गेट पर 100 मीटर के दायरे में लगने वाले दुकानों को बंद कराते हुए उचित कार्यवाई की जाए। महाविद्यालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं के लिए शौचालय व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, साथ ही कई वर्षों से बंद पड़े छात्रावास को चालू किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को रहने की सुविधा मिल सके। महाविद्यालय में सेनेटरी वेंडिंग मशीन अतिशीघ्र लगवाई जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन व प्राचार्य को समस्याओं से अवगत कराते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही इन सभी समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो विद्यार्थी परिषद इन समस्याओं को लेकर चक्का जाम करेगा। जिसका जिम्मेदार महाविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन होगा। एबीवीपी के इस आंदोलन के साथ-साथ महाविद्यालय के अंदर चल रहीं सीसी परीक्षा देने के लिए घंटों छात्राएं गेट में ही फंसी रह गईं। गेट का ताला न खुलने के कारण कई छात्राएं गेट को पार कर कॉलेज परिसर में पहुंचीं। बताया गया कि आंदोलित छात्राओं द्वारा अन्य छात्राओं को कॉलेज के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा था। यही कारण है कि छात्राओं को गेट व बाउंड्री पार कर अंदर जाना पड़ा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरुवार 19 दिसम्बर 2024




मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत कलेक्टर रीवा ने ग्राम उमरी में सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से पठन-पाठन की व्यवस्था, भोजन तथा आवास की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।



### मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए प्रशासन गांव की ओर अभियान के निर्देश

## जनकल्याण के कार्यों की तथ्यपरक रिपोर्ट पोर्टल में दर्ज करें : मुख्य सचिव

### विभागीय उपलब्धियों तथा प्रकरणों के निराकरण की जानकारी पोर्टल में दर्ज करें : मुख्य सचिव

**रीवा।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर तथा अन्य अधिकारियों को प्रशासन गांव की ओर अभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, राजस्व महाभियान में प्रकरणों के निराकरण, जन सुनवाई तथा जन शिकायत के प्रकरणों का निराकरण करके भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज कराएं। इस अवधि में विभागीय उपलब्धियों, हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियाँ तथा जनकल्याण के कार्यों को भी पोर्टल में दर्ज कराएं। पोर्टल में सभी जिलों से प्रकरणों के निराकरण के संबंध में तथ्यपरक रिपोर्ट दर्ज करें।



मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप चलाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान के 8 प्रमुख बिन्दु हैं। इनमें सीपी ग्राम में दर्ज शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई के प्रकरणों के निराकरण, हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने से संबंधित शिकायतों के निराकरण को शामिल किया गया है। साथ ही सुशासन से जुड़े लोक सेवा गारंटी अभियान, समाधान एक दिन, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल तथा अन्य ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने और निराकरण के प्रयासों को भी इसमें शामिल किया गया है। पोर्टल पर विभिन्न योजनाओं और विभागीय सेवाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियाँ, जिलों के विजन डाक्यूमेंट, प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो में कलेक्टर के सोशल मीडिया एकाउंट से दर्ज विभागीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है। अभियान के दौरान सीपी ग्राम की सभी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के क्षेत्र में कार्य करने वाला अग्रणी राज्य है। प्रतिदिन औसतन 40 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। प्रकरणों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। जिन जिलों में विजन डॉक्यूमेंट तैयार हो गया है वे भी इसे उपलब्ध करा दें। अभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें भी प्रतिदिन लगाए जा रहे शिविरों में लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराएं। सुशासन के सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही करके ऑनलाइन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ प्रशासन गांव की ओर शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए जिलेवार कार्यक्रम निर्धारित कर लिया गया है। इन शिविरों में संभागीय और जिला स्तर के अधिकारी भी शामिल होंगे। सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के लिए सभी जिलों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## दिशा समिति की बैठक अब 23 दिसम्बर को

**रीवा।** सांसद श्री जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की चतुर्थ त्रैमास बैठक अब 23 दिसम्बर को दोपहर 3.30 बजे से आयोजित की जायेगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास, विद्युत मण्डल अंतर्गत आरडीएसएस योजना, 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने, मुद्रा/अटल जीवन ज्योति योजना तथा रमसा के तहत कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

### जनकल्याण अभियान में 20, 21 और 22 दिसंबर को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 20, 21 और 22 दिसंबर को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत भलुहा, सिरखिनी तथा ऐतला तथा 21 दिसंबर को बरहदी, बुड़वा, बरेही में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 22 दिसंबर को रायपुर कर्चुलियान, खीरा तथा पटना में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत कुल्लू तथा हर्दी, 21 दिसंबर को पैपखरा 385 एवं लपटा और 22 दिसंबर को बम्हौरी तथा सांव में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 20 दिसंबर को ग्राम गोहटा तथा गाड़ा 137, 21 दिसंबर को ग्राम पंचायत अंदवा और पतेरी तथा 22 दिसंबर को ग्राम पंचायत खम्हरिया 34 और खारा में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत धवैया, कठेरी, 21 दिसंबर को गंगेव और सिरसा एवं 22 दिसंबर को जरहा और गोदरी 10 में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में ग्राम पंचायत 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत कैथी पचकठा और महुली, 21 दिसंबर को बीना कोठार और कोटराकला तथा 22 दिसंबर को मनिका और लखवार में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 20 दिसंबर को ग्राम पंचायत उमरी और खैरहन, 21 दिसंबर को पल्हान और डोल तथा 22 दिसंबर को मऊ और महरी में शिविर लगाये जायेंगे।

## कलेक्टर ने समिति प्रबंधक, केन्द्र प्रभारी और गोदाम संचालक को दिया नोटिस

### कलेक्टर ने धान खरीदी बंद पाए जाने पर जारी किया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दीपक वेयरहाउस पड़रिया में बनाए गए धान खरीदी केन्द्र में किसानों से धान की खरीदी बंद पाए जाने पर समिति प्रबंधक, केन्द्र प्रभारी और गोदाम संचालक को नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब तीन दिनों के अंदर न देने पर इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जारी नोटिस में कहा है कि दीपक वेयरहाउस पड़रिया में सेवा सहकारी समिति बरहदी क्रमांक दो को धान खरीदी केन्द्र बनाया गया है। नायब तहसीलदार वृत्त मनिकवार द्वारा 17 दिसम्बर को धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी बंद पाई गई। कारण पूछे जाने पर बताया गया कि केन्द्र प्रभारी और गोदाम मालिक के बीच विवाद होने के कारण धान खरीदी का कार्य बंद है। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक और केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने जारी नोटिस में कहा है कि किसानों के लिए शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर खरीदी के कार्य को आपसी विवाद के कारण बंद किया गया, जो कि अत्यंत उदासीन, लापरवाही और घोर आपत्तिजनक है। कलेक्टर ने इस कृत्य को शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना मानते हुए समिति प्रबंधक, केन्द्र प्रभारी और गोदाम संचालक को नोटिस जारी किया है।

## नगर निगम का सामुदायिक भवन कटरा तिराहा में आज लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 19 दिसम्बर को वार्ड क्रमांक 20 और 21 के लिए सामुदायिक भवन कटरा तिराहा में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है।

## अधिकारी प्रशासन गांव की ओर अभियान में करें क्षेत्र का भ्रमण

### जनकल्याण के कार्यों को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने अधिकारियों को प्रशासन गांव की ओर के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि अभियान के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। सभी संभागीय और जिला स्तरीय अधिकारी अभियान के दौरान क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। जनसुनवाई, लोक सेवा गारंटी



अधिनियम तथा समाधान एक दिन में भी निराकृत प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज करें। विभागीय योजनाओं और सेवाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानी भी पोर्टल पर दर्ज कराएं। कमिश्नर ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा कल्याणकारी कार्यक्रमों से प्रतिदिन हजारों हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 से 24 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। इस अवधि में दिव्यांगों की सहायता, पेंशन प्रकरण, खाद्यान्न वितरण, छात्रवृत्ति वितरण सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराएं। सीएम हेल्पलाइन तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त आमजनता के आवेदन पत्रों पर तत्परता से कार्यवाही करके उनकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें। प्रत्येक जिले में कलेक्टर तथा अन्य सभी अधिकारी पोर्टल पर जानकारियाँ अपलोड करने के लिए अधिकारी तथा कर्मचारी तैनात करें। निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर, दिव्यांगों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा अन्य विभागीय शिविरों से लाभान्वित हितग्राहियों की भी जानकारी पोर्टल में दर्ज करें। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविरों में लाभान्वितों की भी जानकारी इसमें शामिल करें। अभियान के दौरान संभागीय और जिला स्तरीय अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से करें।

## शराब पीने के लिये पैसा मागने नही देने पर मारपीट करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप निरीक्षक अरविन्द सिहं राठौर द्वारा शराब पीने के लिये पैसा मागने नही देने पर मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। मामले का संक्षिप्त विवरण में फरियादी जितेन्द्र कुमार साहू पिता संतोष साहू निवासी धोविया टंकी साहू मोहल्ला दिनांक 17/12/24 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि धोविया टंकी का सोनू खान मेरे नास्ते के ठेले मे आकर 500 रु शराब पीने के लिये पैसा माग रहा था नही देने पर गाली गुप्तारकर मारपीट किया सूचना पर अपराध पंजीबध्द किया जाकर आरोपी की पता तलास की गई जिसे मुखबिर सूचना पर आज दिनांक 18/12/24 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा से आरोपी को केन्द्रीय जेल रीवा मे निरुध्द किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी में सोनू खान पिता कल्लू उर्फ शरीफ खान उम्र 35 वर्ष निवासी धोविया टंकी थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा म.प्र. ।

सराहनीय भूमिका में थाना प्रभारी उप निरी. अरविन्द सिंह राठौर, ,प्र.आर. आशीष विश्वकर्मा, प्र.आर. बलराम, आर. जितेन्द्र सेन, आर्, सुधीर शुक्ला, आर रवि पाण्डेय।

## युवा महोत्सव संबंधी बैठक आज

**रीवा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला तथा संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी बैठक 19 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल युवा उत्सव की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## महिला थाना पुलिस द्वारा गंभीर अपराध के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह अति.पु.अ अनिल सोनकर के मार्गदर्शन पर महिला थाना प्रभारी निशा मिश्रा के द्वारा फरार आरोपी को जिला बैतुल से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेजा गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण में दिनांक 26/11/23 फरियादिया उम्र 18 केके द्वारा थाना उपस्थित आकर रहीश यादव पिता लालमणि यादव उम्र 21 साल निवासी कुल्लू पैपखरा थाना चोरहटा जिला रीवा(म.प्र.) के द्वारा शादी का झांसा देकर बालात्कार करने के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कियागया, जिस पर महिला थाना रीवा में अपराध कायम कर आरोपी की पता तलास की गई जिसमे आरोपी घटना दिनांक से फरार था। आरोपीपुलिस को बार बार चकमा देने के उद्देश्यसे अपना स्थान बदलता रहा, जिसकी गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आरोपी रहीश यादव के ऊपर 7 हजार रूपये का इनाम भी उद्घोषित किया गया था। आरोपी की लगातार पता रसीके दौरानआरोपीकेबैतूल में रहने की जानकारी प्राप्त हुईजिस पर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18/12/24 को जिला बैतुल सेआरोपीको गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जहां से आरोपी का जेल वारट प्राप्त होने से उक्त आरोपी को जेल दाखिल किया गया। सराहनीय भूमिका में थाना प्रभारी निशा मिश्रा-सउनिरी भरत शरण शुक्ल, प्रआर. 896 श्रीनिवास बागरी, आर. 87 सुभाषचन्द्र भारती, मआर. 385 दिव्या सिंह की भूमिका सराहनीय।

## रीवा पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहनों पर की गई कार्यवाही

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा अनिल सोनकर के मार्गदर्शन में एवंनगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रितु उपाध्याय के नेतृत्व में नौवस्ता चौकी प्रभारी उनि. प्रशांत शुक्ला व उनकी टीम द्वारा ओवरलोड वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही की गई, जिसमे दिनांक 17/12/2024 को 02 नग ट्रक व 01 नग हाईवा के विरूद्ध तय सीमा से अधिक गिट्टी लोड कर परिवहन करते पाये जाने व चालको द्वारा मौके से कोई कागजात पेश न करने पर ट्रको व हाईवा के विरूद्ध धारा 130/177(3),113/194(1) एमव्ही एक्ट के अन्तर्गत इस्तागाशा तैयार किया जाकर माननीय न्यायालय रीवा पेश किया गया ।

## जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आज

**रीवा।** जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक 19 दिसम्बर को दोपहर बाद 3.30 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक में सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरणों के निराकरण तथा ऋण वितरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिले के ऋण-जमा अनुपात, बैंकों की वसूली, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि क्षेत्र में निवेश तथा बैंकों की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन ने सभी संबंधित अधिकारियों तथा बैंक शाखा प्रबंधकों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## सीएम हेल्पलाइन की नवम्बर की शिकायतों का दो दिन में निराकरण करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गूगल मीट के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में लंबित नवम्बर माह की शिकायतों का दो दिन में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी सभी शिकायतों का निराकरण करके 19 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही 20 और 21



दिसम्बर को 50 दिन से अधिक की शिकायतों का निराकरण कराएं। शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत करने का प्रयास करें। माँग आधारित शिकायतों के प्रतिवेदन 19 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे तक जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। विभागों की ग्रेडिंग में सुधार न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सिरमौर की एक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने अनुभाग की राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी त्योंथर, जवा तथा गंगेव प्राथमिकता से शिकायतें निराकृत करें। सभी बीएमओ एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ 70 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनानें में तेजी लाएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय शामिल रहीं।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833